दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 135
कोटद्वार रविवार
10 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# जी-20: सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

## मंच पर पीएम मोदी का मंत्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी20 देशों के 18वें दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यहां आए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया और कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दुनिया को एक साथ एवं सही दशा में ले जाने के लिए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की सोच महत्वपूर्ण है।

श्री मोदी ने भारतमंडपम में जी20 देश के नेताओं के शिखर सम्मेलन की शुरुआत करते हुए वर्तमान वैश्विक परिवेश में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास' का मंत्र दोहराया और कहा कि भारत में ये पीपल्स जी–20 बन गया है। दुनिया में विश्वास के अभाव का संकट है और इस संकट को सबको मिलकर दूर करने की ज़रूरत है।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया की सदियों पुरानी समस्याओं के समाधान का वक्त आ गया है और 21वीं सदी का जी20 सम्मेलन बरसों पुरानी चुनौतियां का नया समाधान मांग रहे है। यह समय साथ मिलकर चलने का है, क्योंकि 21वीं सदी का यह समय दुनिया को नयी दिशा देने वाला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जी 20 के अध्यक्ष के रूप में भारत दुनिया से वैश्विक विश्वास की कमी को विश्वास और निर्भरता में बदलने का आह्वान करता है। यह हम सभी के लिए एक साथ आगे बढ़ने का समय है। उन्होंने कहा कि यह समय 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर चुनौयियो से निपटने का बन सकता है। चुनौतियां चाहे उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की हो, पूर्व और पश्चिम के बीच की दूरी की हो, भोजन और ईंधन के प्रबंधन की हो, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा या जल सुरक्षा की हो, हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए इन सबका ठोस समाधान ढूंढना होगा।

## जी20 का स्थायी सदस्य बना अफ्रीकन संघ, बैठक में सर्वसम्मति से हुआ फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में आज से जी20 शिखर सम्मेलन की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में भाग लेने के लिए कई देशों के नेता दिल्ली पहुंचे हैं। बैठक में अफ्रीकन यूनियन को भी जी20 में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष अजाली असौमनी को गले लगाकर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा," आप सबकी सहमति से, आगे की कार्यवाही शुरू करने से पहले, मैं अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष को जी–20 के स्थाई सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूं।" उन्होंने कहा ," भारत की जी–20 अध्यक्षता, देश के भीतर तथा देश के बाहर, समावेश और सबका साथ" का प्रतीक बन गई है। भारत में यह पीपल्स जी –20 बन गया। करोड़ों भारतीय इससे जुड़े। देश के 60 से ज़्यादा शहरों में 200 से ज्यादा अधिक बैठकें हुईं।"

पीएम मोदी ने कहा कि सबका साथ की भावना से ही भारत ने प्रस्ताव रखा था कि अफ्रीकी संघ को जी–20 की स्थाई सदयस्ता दी जाए। मेरा विश्वास है कि इस प्रस्ताव पर हम सब की सहमति है। इसके बाद उन्होंने अफ्रीकी संघ को जी 20 समूह में विधिवत रूप से शामिल करने की घोषणा की। पीएम के इस ऐलान के बाद पूरा भारत मंडपम तालियों से गूंज उठा।

बता दें कि अफ्रीकन यूनियन में 55 देश शामिल हैं और जी20 में इसका शामिल होना एक बड़ा कदम माना जा रहा है। वहीं, अब जी20 का नाम बदलकर जी21 किए जाने की भी उम्मीद है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का विचार दुनिया के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। यह हम सभी के लिए वैश्विक भलाई के लिए एक साथ चलने का समय है।

## नई दिल्ली घोषणापत्र आधिकारिक तौर पर स्वीकार, जी-20 की मेजबानी में भारत सफल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी–20 शिखर सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य में सभी विकासात्मक और भू–राजनीतिक मुद्दों पर शनिवार को आम सहमति बन गई और 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया गया। जी– 20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने आज यहां सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म 'एक्स' पर बताया कि सभी विकासात्मक और भू–राजनीतिक मुद्दों पर 100 प्रतिशत सर्वसम्मति के साथ ऐतिहासिक और पथप्रदर्शक जी 20 घोषणा पत्र। भू–राजनीतिक मुद्दों पर नए वाक्य आज की दुनिया में विश्व, लोग, शांति और समृद्धि के लिए एक शक्तिशाली आह्वान है।

आज की दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव-शाली नेतृत्व को प्रदर्शित करता है। श्री कांत ने कहा कि 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया गया है। आज के युग को मानव–केंद्रित वैश्वीकरण के स्वर्ण युग के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जी– 20 अध्यक्षता में इस लक्ष्य की दिशा में अथक प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की जी–20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक, कार्य–उन्मुख और यथास्थिति को चुनौती देने में निडर रही है।

श्री मोदी के नेतृत्व में हमने जी–20 को आखिरी छोर तक ले जाने के लिए नेताओं से कदम उठाने का पुरजोर आह्वान किया है। श्री कांत ने कहा कि भारत की अध्यक्षता जी–20 अध्यक्षों के इतिहास में सबसे महत्वाकांक्षी रही है। कुल 112 परिणामों और अध्यक्षीय दस्तावेज़ों के साथ, हमने पिछले अध्यक्षीय काल की तुलना में मूल कार्य को दोगुने से भी अधिक कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'नई दिल्ली घोषणापत्र' के प्रमुख बिंदु– मजबूत, टिकाऊ संतुलित और समावेशी विकास, एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाना, सतत भविष्य के लिए हरित विकास समझौता, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान और बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करना है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर फिर से समर्थन देने को दोहराया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच घनिष्ठ एवं चिरस्थायी साझेदारी की पुष्टि करते हुए आज संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन, जूनियर का भारत में स्वागत किया। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की जून 2023 की ऐतिहासिक अमेरिका यात्रा की अभूतपूर्व उपलब्धियों को कार्यान्वित करने की दिशा में हो रही महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना की।प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और लचीले हिंद–प्रशांत का समर्थन करने में क्वाड के महत्व की पुनः पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 में भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाले क्वाड नेताओं के अगले शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडेन का स्वागत करने के प्रति उत्सुकता व्यक्त की। भारत ने जून 2023 में हिंद–प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल होने के अमेरिकी निर्णय के बाद व्यापार कनेक्टिविटी और समुद्री परिवहन से संबंधित आईपीओआई पहल स्तंभ का सह–नेतृत्व करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया।वैश्विक शासन व्यवस्था के अधिक समावेशी और प्रतिनिधित्व पर आधारित होने संबंधी अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए राष्ट्रपति बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार किए जाने और उसमें भारत की स्थायी सदस्यता होने के प्रति अपना समर्थन दोहराया। साथ ही इस संदर्भ में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 2028–29 में गैर–स्थायी सीट के लिए भारत की उम्मीदवारी का एक बार फिर से स्वागत किया। नेताओं ने बहुपक्षीय प्रणाली को मजबूत बनाने और उसमें सुधार लाने की आवश्यकता को एक बार फिर रेखांकित किया ताकि यह समकालीन वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित कर सके और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता की स्थायी और गैर–स्थायी श्रेणियों में विस्तार सहित व्यापक संयुक्त राष्ट्र सुधार एजेंडे के लिए प्रतिबद्ध रहे।

## जी–20 नेताओं ने माना आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा, भोजन–ईंधन पर भी जताई चिंता: एस जयशंकर



**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश की राजधानी में जी20 शिखर सम्मेलन चल रहा है और तमाम नेता दुनियाभर के मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि जी–20 नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और माना कि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। साथ ही कहा कि जी–20 ने भारत को विश्व के लिए तैयार करने और विश्व को भारत के लिए तैयार करने में योगदान दिया है।

उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन के परिणामों पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि जी–20 लीडर्स ने आज जिस घोषणापत्र पर सहमति व्यक्त की है, वह मजबूत टिकाऊ संतुलित और समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह एसडीजी(सतत विकास लक्ष्य) की प्रगति में तेजी लाने का प्रयास करेगा।

आगे एस जयशंकर ने कहा कि यह हमारे लिए हमारी संस्कृति, परंपरा और विरासत को दर्शाने का एक अवसर था। उन्होंने यह भी कहा कि यह देखते हुए कि जी20 भूराजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है, नेताओं ने माना कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए इसके महत्वपूर्ण परिणाम हो सकते हैं।

जी–20 पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर बयान में कहा कि हमारे लिए यह संतुष्टि की बात है कि अफ्रीकन यूनियन को आज भारत की अध्यक्षता में जी–20 को स्थायी सदस्यता दी गई। हमारी अध्यक्षता का संदेश 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' है।

भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी–20 में 20 सदस्य देशों नौ आमंत्रित देशों और 14 अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने हिस्सा लिया।

एस जयशंकर ने कहा कि विशेष रूप से जी20 नेताओं ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध और विशेष रूप से विकासशील और सबसे कम विकासशील देशों पर इसके प्रभाव पर चर्चा की, जो अभी भी महामारी और आर्थिक व्यवधान से उबर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोजन, ईंधन और उर्वरक विशेष चिंता के मुद्दे हैं।

## जी–20 : राष्ट्रपति मुर्मू ने मेहमानों का स्वागत करते हुए शिखर सम्मेलन की सफलता को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए जी 20 देशों के सभी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का हार्दिक स्वागत किया है। राष्ट्रपति ने समावेशी और व्यक्ति आधारित विकास के लक्ष्य को पूरा करने की कामना के साथ 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स (पहले ट्विटर ) कर भारत आए मेहमानों का स्वागत करते हुए लिखा, नई दिल्ली में 18वें जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले जी 20 देशों के सभी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का हार्दिक स्वागत है। राष्ट्रपति ने जी–20 शिखर सम्मेलन की सफलता की कामना करते हुए और अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा, भारत की जी 20 प्रेसीडेंसी थीम, 'वसुधैव कुटुंबकम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य', टिकाऊ समावेशी और मानव–केंद्रित विकास के लिए एक वैश्विक रोडमैप है।

## पुलिंडा गांव में लगातार बढ़ रहा भूस्खलन का खतरा

### गांव के अधिकांश घरों की दीवारों पर बढ़ रही दरारें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** दशकों से भूस्खलन का दंश झेल रहे घाड़ क्षेत्र के पुलिंडा गांव के ग्रामीणों की समस्या और अधिक बढ़ गई है। वर्षाकाल के बाद गांव के अधिकांश भवनों में आई दरारें और गहरी होने लगी हैं। ऐसे में गांव में रह रहे 120 परिवारों पर कब कहर टूट पड़े कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, ग्रामीण लगातार शासन-प्रशासन से उनके विस्थापन की मांग उठा रहे हैं।

दुगड्डा ब्लाक के घाड़ क्षेत्र के अंतर्गत पुलिंडा गांव में वर्ष 1978 से लगातार भूस्खलन हो रहा है। स्थिति यह है कि गांव में हो रहे भूस्खलन से कई घरों में दरारें पड़ चुकी हैं। लेकिन, अगस्त माह में हुई वर्षा के बाद यह दारारे और अधिक गहरी होने लगी हैं। ऐसे में गांव के अस्तित्व पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 24 अगस्त, 2015 के शासनादेश में जनपद में स्थित संवेदनशील गांवों को तीन श्रेणियों में बांटकर चरणबद्ध तरीके से ग्रामीणों के पुनर्वास के प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए थे। भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई उद्योग निदेशालय उत्तराखंड ने गांव पहुंचकर भूगर्भीय सर्वेक्षण किया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि भूस्खलन धीरे-धीरे आबादी की ओर विस्तार ले रहा है। भूस्खलन प्रभावित स्थल के नीचे की चट्टानें अत्यधिक कमजोर होने के कारण लगातार खतरा बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट में संपूर्ण ग्रामीणों को किसी सुरक्षित स्थल पर विस्थापित किए जाने की संस्तुति की गई है। लेकिन, तब से अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।



दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पुलिंडा के समीप पहाड़ी पर हो रहा भूस्खलन।

### मार्ग को भी खतरा

पुलिंडा गांव के समीप स्थित रामणी-कोटद्वार मोटर मार्ग को भी भूस्खलन से खतरा पैदा हो गया है। गांव के समीप हुए भूस्खलन से सड़क का अधिकांश हिस्सा धराशायी हो गया है। ऐसे में यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कोटद्वार-रामणी के मध्य यातायात पूरी तरह ठप हो जाएगा। जबकि, वर्षा काल में यह मार्ग कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के बाद एक विकल्प भी बना था।

## चंद्रबाबू नायडू गिरफ्तार, स्किल डिवेलपमेंट घोटाले में सीआईडी की कार्रवाई, समर्थकों ने किया हंगामा

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को पुलिस ने शनिवार तडके नंदयाल में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कौशल विकास के धन के दुरुपयोग के मामले में सीआईडी पुलिस ने श्री नायडू को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी के दौरान काफी हंगामा हुआ और तेदेपा कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई।बाद में सीआईडी पुलिस श्री नायडू को पूछताछ के लिए मंगलागिरी स्थित सीआईडी मुख्यालय ले गई। पुलिस ने उनके खिलाफ धारा 120 (बी), 409, 201, आर/डब्ल्यू 13 (1) और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और संभवत उन्हें आज अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने इसी मामले में तेदेपा विधायक एवं पूर्व मंत्री गंता श्रीनिवास राव को भी गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही ऐहतियात के तौर पर प्रदेश भर में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं को उनके घरों से हिरासत में लिया गया है।

## उम्मीद और विश्वास का नया नाम भारत : स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के आगे लगी देश की नेमप्लेट पर 'भारत' लिखे होने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा है कि उम्मीद और विश्वास का नया नाम 'भारत' है।

स्मृति ईरानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके आगे लगी 'भारत' के नाम वाली नेम प्लेट की तस्वीर को शेयर करते हुए एक्स (पहले ट्विटर ) पर लिखा, उम्मीद और विश्वास का नया नाम भारत।दरअसल, दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में भारत की मेजबानी में चल रहे जी–20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन भाषण के दौरान उनके आगे रखी नेम प्लेट ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे रखी नेम प्लेट पर अंग्रेजी भाषा में 'भारत' लिखा हुआ था। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में नेताओं के नाम के आगे उस देश के नाम की नेम प्लेट लगी होती है, जिस देश का वह नेता प्रतिनिधित्व करता है।

देश का नाम बदलने की कवायद और देश के अंदर भारत बनाम इंडिया को लेकर जारी बहस के बीच यह पहला मौका है, जब जी–20 जैसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे 'इंडिया' की बजाय अंग्रेजी भाषा में लिखे गए 'भारत' के नाम की नेम प्लेट लगी दिखाई दी हो।

## जी–20 शिखर सम्मेलन में भारत मंडपम में बिहारी सस्कृति से रूबरू हो सकेंगे मेहमान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जी–20 शिखर सम्मेलन का आयोजन केंद्र भारत मंडपम अतिथियों के लिए मिनी बाजार में तब्दील हो गया है। यहां मिलने वाली हर चीज अपने आप में भारतीय संस्कृति और कला को संजोए है। इसके तहत ही बिहारी संस्कृति से मेहमानों को रू–ब–रू कराने के लिए बिहार सरकार और इंडस्ट्री बिहार द्वारा क्रॉफ्ट बाजार में बिहार के हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया जा रहा है।

# आम आदमी पार्टी ने किया नगर निगम में हल्ला बोल



देहरादून। आज आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया के नेतृत्व में नगर निगम पहुंचकर हल्ला बोल किया।पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र आनंद ने बताया कि डेंगू ,मलेरिया के बढ़ते मामले को देखते हुए आम आदमी पार्टी द्वारा आज नगर निगम का घेराव किया गया परंतु जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता नगर निगम पहुंचे तो वहां सभी कार्यालय बंद देखकर उनका पर चढ़ गया। इस दौरान उमा सिसोदिया ने कहा कि इस वक्त जबकि डेंगू , मलेरिया अपने चरम पर है और नगर निगम छुट्टियां मना रहा है उन्होंने कहा कि नगर निगम जिसको की इस वक्त आपातकालीन स्थितियों में काम करना चाहिए था वह यहां ताले लगाकर घरों में आराम की नींद सो रहा है ।उमा सिसोदिया ने नगर निगम और मेयर को आढे हाथ लेते हुए शहर में सफाई व्यवस्था एवं चोक हुई नालियों पर जल्द सफाई करने पर जोर दिया ।इस दौरान पार्टी उपाध्यक्ष आजाद अली ने भी निगम की नाकामियों की पोल खोली।वहीं आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ आर पी रतूडी ने निगम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया । प्रदेश उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह बिष्ट ने भी सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि व्यवस्थाएं जल्द ठीक ना हुई तो जनता इसका जवाब जरूर देगी ।

## गैरसैंण का लाल सेना में बना अफसर

चमोली : गैरसैंण के रोहिड़ा गांव निवासी देवेन्द्र सिंह बेलवाल पुत्र विक्रम सिंह बेलवाल सेना में अफसर बने हैं। देवेन्द्र बेलवाल शनिवार को ओटीएस मद्रास में हुये पासिंग आउट परेड के अवसर पर उनके माता-पिता एवं दादा-दादी भी मौजूद रहे।

सेना में लेप्टिनेंट बने देवेन्द्र की प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर रोहिड़ा, उसके बाद की शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय अपर कैंप, अनारवाला देहरादून में हुई। वहीं देवेन्द्र ने ग्राफिक ऐरा देहरादून से बीसीए भी किया था। उनकी मां सामान्य ग्रहणी हैं जबकि पिता वर्तमान में सेना के सुबेदार पद पर कार्यरत हैं। वही दादा उम्मेद सिंह बेलवाल सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उनके सेना में अफसर बनने पर गैरसैंण प्रखंड में खुशी का माहौल है। (एजेंसी)

# अंबाडी मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे, दुर्घटनाओं की बनी रहती है आशंका



विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत अंबाड़ी लांघा बाईपास मांर्ग पर मेंहूवाला खालसा में सड़क में जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं। इसके चलते आवागमन करने वालों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इस जगह करीब सौ से अधिक छोटे–बडे गड्ढे बने हुए हैं। जिसमें बारिश का पानी भर गया है। गड्ढे दिखते नहीं है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बन रहा है। सरकार भले ही विकास के लाख दावे करती हो पर ऐसा धरातल पर नहीं दिखाई दे रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण मेंहूवाला खालसा के पास बनी लोक निर्माण विभाग की सड़क है। इस जगह पर सड़क कि इतनी बुरी हालत है की यहां से गुजरने वालों को यहां गुजरते समय दो चार होना पड़ता है। यह अंबाड़ी लांघा बाईपास मार्ग है। जहां से हर साल लाखों की संख्या में चारधाम के यात्री गुजरते हैं। सड़क पर बने गड्ढो में पानी भर जाता है, और यह तालब में बदल जाती है। जिससे यहां से गुजरने वालों को यह गड्ढे नहीं दिखाई देते है। स्थानीय निवासी खुशीराम, यशपाल सिंह चौहान, अजय शर्मा, नवीन शर्मा, आशाराम शर्मा, रवि चौहान आदि ने बताया कि यह मार्ग एक ऐसा मार्ग है, जहां से जौनसार बावर के लोग रात के समय अपनी नगदी फसलों को देहरादून मंड़ी ले जाते हैं। बताया जब चारधाम यात्रा चलती है तो यात्री भारी संख्या में यहां से ही यात्रा के लिए गुजरते हैं। बताया इसकी मरम्मत की मांग उन्होंने कही बार लोक निर्माण से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तक कर चुके हैं। बावजूद अभी तक इस जगह पर मांर्ग की मरम्मत नहीं की गई है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर होगी सेवा पखवाड़े की शुरूआत

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। इसके तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है। उसी दिन से सेवा पखवाड़े की शुरुआत सभी जिला मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व पर प्रदर्शनी से होगी। 18 सितंबर को मैदानी जिलों में विधानसभा स्तर एवं पर्वतीय जिलों में जिला स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा। 19 से 24 सितंबर के बीच आयुष्मान भवः कार्यक्रम आयोजित होगा जो स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत की देखरेख में आयोजित होगा। 25 सितंबर को दीन दयाल उपाध्याय की जयंती को बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। 26 सितंबर से एक अक्तूबर तक बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जबकि दो अक्तूबर को गांधी जयंती के मौके पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि की भी भूमिका सुनिश्चित होगी।

**सीएम का जन्मदिन युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी पार्टी :**

महेंद्र भट्ट ने बताया कि 16 सितंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का जन्मदिन युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 11 से 15 सितंबर के बीच लोकसभा स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

## महिला से मारपीट में चार नामजद

ऋषिकेश। निवासी एक महिला ने चार लोगों पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 91 वाद निस्तारित

रूद्रप्रयाग : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग में जिला न्यायालय एवं बाह्य न्यायालय उखीमठ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 91 वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।प्राधिकरण के सचिव/सिविल जज (सीडि) रवि रंजन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वाद से सम्बन्धित प्री–लिटिगेशन के कुल 16 मामलों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। जिनसें कुल 22,31,291 रुपये की समझौता राशि वसूल की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग राजेश कुमार की पीठ में कुल 76 वादों का निस्तारण किया गया।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस कार्यक्रम का आयोजन



हरिद्वार। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 10 सितम्बर के उपलक्ष पर कन्या गुरुकुल परिसर, हरिद्वार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं में इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ॰ शबनम प्रवक्ता एन आइ टी कुरुक्षेत्र द्वारा दिये गये व्याख्यान से हुई जिसका विषय "स्थायी खुशी और सफलता के लिए मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना" था। डॉ शबनम ने मानसिक स्वास्थय समस्याओं से संबधित छात्राओ द्वारा पूछे गये कई प्रश्नों का भी उत्तर दिया। उन्होंने बताया कि हमें अपने मानसिक स्वास्थय पर ध्यान देना आवश्यक है और इसके लिये हमें संकोच नहीं करना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर मनोवैज्ञानिक परामर्शक के पास अवश्य जाना चाहिए। व्याख्यान के पश्चात् बी. ए. पंचम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा आत्महत्या रोकथाम व समाधान विषय पर लघु नाटिका का आयोजन किया गया। छात्राओं ने लघु नाटिका के माध्यम से आत्महत्या को कैसे रोका जाए इसका उपचार क्या है विषय पर प्रकाश डालो बी. ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्राओ द्वारा भी कोटा काक्षाओ के बढ़ते उन्याद और वहॉ काफी संख्या में विघार्थियों द्वारा की गयी आत्महत्या के बारे मे लघु नाटिका प्रस्तुत की। नाटिका में यह दिखाया गया कि किस प्रकार बच्चे कैसे अपने सीमित सपनों के पीछे भागते है और तनाव को संभाल नहीं पाते है।

## एक नजर

### सोशल मीडिया का बेहतर इस्तेमाल करें कार्यकर्ता:जोशी

देहरादून। भाजपा के महानगर कार्यालय में सोशल मीडिया की एक कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के बेहतर इस्तेमाल का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य सुचारू रूप से भाजपा के सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं को प्रत्येक दिन करना चाहिए। महानगर देहरादून के प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक करुण दत्ता ने आम जनमानस को सच्चाई से अवगत कराने के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर जोर दिया।

कार्यशाला अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल राष्ट्र को राष्ट्रीय चिंतन वाली सरकार मिल सके इसमें सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहेगा। कार्यशाला में महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र ढिल्लों, महामंत्री सुरेंद्र राणा, महानगर सोशल मीडिया संयोजक आशीष शर्मा, रंजीत सेमवाल, सूरज चन्द, राजेश बडोनी, सुनील शर्मा, दीपक अग्रवाल, राजेश सेन उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

ऋषिकेश। लालतप्पड़ स्थित एक निजी फैक्ट्री में करने वाली महिला से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि वह छुट्टी पर जाना चाहती थी। इस बाबत कंपनी में काम करने वाले आसिफ खान पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम जमूरा, हरदोई, यूपी से संपर्क किया। इस पर आसिफ ने सीनियर से बात करने को कहा। आरोप है कि वह कंपनी के गेट पर पहुंची, तो आरोपी हाथ से मोबाइल छिनकर ले जाने लगा। इसके बाद कंपनी के पास ही एक कमरे में ले जाकर पहले मारपीट की और इसके बाद दुष्कर्म किया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने नामजद तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया सिडकुल मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित ''औद्योगिक पुरोधाओं का सम्मान'' समारोह में प्रतिभाग



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में सिडकुल मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित ''औद्योगिक पुरोधाओं का सम्मान'' समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस समारोह में औद्योगिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले 35उद्यमियों को सम्मानित किया। सम्मानित हुए सभी उद्यमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि हम आज उन पुरोधाओं को सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने रोजगार सृजन और औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया है।

उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं विकास में उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश के उद्यमियों ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए अपने परिश्रम और दृढ़ निश्चय से अपने उद्यम को प्रतिस्थापित किया है जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे राष्ट्र की गति, शक्ति और प्रगति में उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। मैन्युफैक्चरिंग का क्षेत्र किसी भी देश और प्रदेश की तरक्की का पहला आईना माना जाता है। अधिक उद्योग, अधिक उत्पादन, अधिक विनिर्माण हर एक प्रदेश या देश की तरक्की की निशानी होती है। उत्तराखण्ड के उद्योगपति के रूप में आपकी भूमिका और आपका योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी उद्यमी अपनी कर्तव्य भावना से राज्य के विनिर्माण क्षेत्र में एक नयी क्रांति लाने के लिए प्रयत्नशील होंगे। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार से उत्तराखण्ड ने फार्मा, ऑटो पार्टस, सोलर और हर्बल आदि के मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है यह आप सभी लोगों के परिश्रम से संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नवीन उद्योगों की स्थापना अधिक से अधिक हो इस पर राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी के दृष्टिगत उत्तराखण्ड में ग्लोबल इंवेस्टर समिट प्रस्तावित है जो राज्य में निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इस समिट में सभी उद्यमियों की भागीदारी भी बेहद महत्वपूर्ण होगी।

इस सम्मान समारोह में सिडकुल मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. हरिन्दर गर्ग ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत और इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मोहिन्दर आहुजा ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के. के. पंत, प्रो. अक्षय द्विवेदी, सिडकुल मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन के महासचिव राज अरोड़ा, एसोसिएशन के अजय जैन, ललित सचदेवा, राधिका नागरथ सहित अन्य पदाधिकारी और सम्मानित होने वाले उद्यमी व उनके परिजन मौजूद रहे।

# हिमालय को बचाने को पछुवादून में उठे हजारों युवाओं के हाथ

विकासनगर। पछुवादून में हिमालय बचाओ अभियान के अंतिम दिन हिमालय दिवस पर हजारों युवाके हाथ हिमालय को बचाने के लिए उठे। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं ने हिमालय को बचाने की प्रतिज्ञा ली। कहा कि हिमालय को अब हम बचायेंगे। हिमालय के अस्तित्व पर संकट नहीं आने दिया जायेगा।

हिमालय बचाओ अभियान के तहत पिछले नौ दिनों से लगातार विभिन्न शिक्षण संस्थानों, संगठनो के साथ हिमालय को बचाने के लिए पहल की गयी है। अंतिम दिन हिमालय दिवस पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं ने हिमालय को बचाने की शपथ ली। होशियार सिंह बुद्धूमल जैन बालिका इंटर कालेज विकासनगर में सैकड़ों छात्राओं ने हिमालय प्रतिज्ञा ली। इस मौके पर प्रधानाचार्य रेखा अग्रवाल ने छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि हिमालय धरती का संरक्षक है। हिमालय के बिना धरती की कल्पना नहीं की जा सकती है। जब तक हिमालय है तब तक ही धरती व उस पर जीवन का अस्तित्व है। सुशीला इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा नर्सिंग मेडिकल कालेज शीशमबाडा में प्राचार्य अदिति ने प्रशिक्षणार्थियों को हिमालय बचाने की शपथ दिलाई। राउमावि कुंजाग्रांट में भी सैकडो छात्र छात्राओं ने हिमालय को बचाने की प्रतिज्ञा ली। शिक्षक आरएस रावत ने छात्र छात्राओं को हिमालय प्रतिज्ञा करवाई ।इस मौके पर रावत ने छात्र छात्राओं को हिमालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राउमावि ढकरानी भी छात्र छात्राओं को हिमालय बचाने की प्रतिज्ञा दिलाई गयी।

## नगर निगम अवकाश के दिन भी वार्डों में चलाएगा फॉगिंग अभियान

देहरादून। नगर निगम के वार्डों में अवकाश के दिन भी फॉगिंग का काम जारी रहेगा। डेंगू की रोकथाम के लिए शनिवार को निगम की टीमों ने छोटी और बड़ी मशीनों से वार्डों में फॉगिंग का काम किया। साथ ही जलभराव वाले इलाकों में लार्वा नष्ट करने के लिए लार्वीसाइड का छिड़काव किया गया। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना ने बताया कि शनिवार को पटेलनगर पश्चिम, पटेलनगर पूर्व, देहराखास, विद्या विहार, इंद्रानगर, सीमाद्वार, धर्मपुर, लक्खीबाग, रेस्ट कैंप समेत विभिन्न इलाकों में फॉगिंग की।

# छात्राओं को पौष्टिक और पारम्परिक व्यंजनों के बारे में जानकारी दी

विकासनगर। बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सितंबर माह में मनाए जाने वाले पोषण माह के अंतर्गत शनिवार को लागापोखरी स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को पौष्टिक और पारम्परिक व्यंजनों के बारे में जानकारी दी गयी।

साथ ही रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर शारदा थापा ने बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि हमारे आसपास ऐसे बहुत से आहार है जो पोषण से भरपूर है।

उन्होंने कहा की किशोरियों में ज्यादातर खून की कमी से एनीमिया हो जाता है, इससे बचने के लिए भोजन में पौष्टिक तत्वों का होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय के मेन्यू में वर्तमान आहारों के साथ कुछ पौष्टिक आहार जोड़े जाने का आह्वान किया।

कहा कि किशोरी बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य की शिक्षा होनी चाहिए साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

इसके बाद बालिकाओं द्वारा लागापोखरी गांव में रैली निकाल ग्रामीणों को भी अपने स्वास्थ्य और डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हंस कुमार चौहान, ग्राम प्रधान ठाणा सिमरन जोशी, बी डी सी ठाणा उर्मिला जोशी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुधा जोशी, प्रेमा चौहान, बाला देवी, सुनीता जोशी, आदि मौजूद रहे।

# छात्र–छात्राओं ने ली हिमालय को बचाने की शपथ



ऋषिकेश। हिमालय बचाओ अभियान के तहत श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय के ऋषिकेश परिसर के राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र–छात्राओं ने हिमालय को बचाने की शपथ ली।

वक्ताओं ने कहा कि हिमालय को बचाने के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों को एक मंच पर आने की जरूरत है। शनिवार को श्रीदेवसुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस के 106 एनसीसी कैडेटों ने एकजुट होकर हिमालय को बचाने की शपथ ली। एनसीसी अधिकारी धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि हिमालय की सुरक्षा हमारे लिए बहुत अहम है, इसीलिए पूरे देश और राज्य में इसके लिए सभी सामाजिक और राजनीतिक दलों को एक मंच पर आकर इसे बचाने का प्रयास करना चाहिए। हिमालय से जलवायु भी प्रभावित होती दिख रही है, अत्याधिक वर्षा, गर्मी और ठंड इसका उदाहरण हैं।

## खुशबू हेड गर्ल व आयुष बने हेड ब्वॉय

ऋषिकेश। द दून ग्रामर विद्यालय में अलंकरण समारोह–2023 में खुशबू भंडारी को हेड गर्ल और आयुष चमोली को हेड ब्वॉय की शपथ दिलाई गई। शनिवार को द दून ग्रामर विद्यालय में सत्र 2023–24 के लिए अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भूतपूर्व नौ सेना कमांडर जे गुनसीलन ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए एक मुखिया का होना जरूरी होता है। इसी प्रकार स्कूल में सभी बच्चों के बीच भी हेड ब्वॉय और हेड गर्ल का चयन किया जाता है। विद्यालय प्रबंधक आशीष चमोली ने आवश्यक जानकारियां दी। इस दौरान खुशबू भंडारी को हेड गर्ल और आयुष चमोली को हेड ब्वॉय के बैज पहनाकर अलंकृत किया।

## पांच दिन के भीतर अधूरे कार्य को पूरा करे एनएच प्रशासन: मेयर

ऋषिकेश। ऋषिकेश मेयर अनिता ममगाईं ने एनएच के निर्माण कार्यों में लापरवाही पर नाराजगी जताई। एनएच अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने पांच दिन के भीतर अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा। कार्य पूर्ण नहीं किए जाने पर उन्होंने अधिकारियों के विरुद्ध विधिक राय के अनुसार कारवाई करने की चेतावनी भी दी। शनिवार को दून मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में मेयर अनिता ममगाईं ने एनएच लोनिवि के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हरिद्वार मार्ग पर एनएच लोनिवि द्वारा बनाए जा रहे नाले के काम में लापरवाही बरती गई है। उन्होंने दो माह पूर्व अधिकारियों को इसे दुरुस्त करने के लिए कहा था। लेकिन अभी तक विभाग ने इस कार्य के पूरा नहीं किया है। अभी भी पुरानी चुंगी के समीप नाला खुले में बह रहा है। इसकी वजह से आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। कुछ समय पूर्व एक व्यक्ति की नाले में गिरकर मौत भी हो चुकी है। अधिकारियों की लापरवाही आम लोगों पर भारी पड़ रही है। कहा कि यदि पांच दिन के भीतर तमाम आधे अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने के साथ नाला निर्माण की कमियों को दुरुस्त नहीं किया गया तो अधिकारियों के विरुद्ध विधिक राय लेकर कारवाई की जाएगी।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : स्वास्थ्य मंत्री

## स्वास्थ्य शिविर में हजारों लोगों ने कराई जांच , सिद्धबली मंदिर में आयोजित किया गया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री सिद्धबली मंदिर कोटद्वार एवं अखिल ध्यानी स्मृति ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्री सिद्धबली धर्मशाला में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कोटद्वार समेत पहाड़ी इलाकों से आए हजारों मरीजों ने अपनी जांच कराई।

शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, मंदिर के महंत एवं लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने से लोगों को बड़ी राहत मिलती है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश के पहाड़ी जिलों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने विशेषज्ञ और अति विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की है। उन्होंने कहा कि स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी ने बताया कि शिविर में फोर्टिस नोएड़ा, मैक्स देहरादून, वेदांता दिल्ली, एम्स कोलकता आदि के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर, हृदय, मानसिक, नाक-कान–गला, स्त्री रोग, हड्डी, पेट, छाती रोग सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। इसके अलावा लिवर की जांच, समस्त रक्त जांच भी की गई। साथ ही निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर विधायक महंत दिलीप रावत एवं अध्यक्ष श्री सिद्धबली मंदिर डॉ. जगदंबा प्रसाद ध्यानी ने सभी चिकित्सकों और भगवत ग्लोबल यूनिवर्सिटी से उपस्थित सभी बी-फार्मा के बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर मंदिर समिति के रविन्द्र नेगी, मनोहर भंडारी, डॉ. रविन्द्र नेगी, विजयपाल नेगी, राजेश रावत, सचिव शिव पोखरियाल, मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, नीतू रावत, दीपू पोखरियाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।





सिद्धबली मंदिर परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीज से जानकारी लेते हुए चिकित्सक।

# हल्की बारिश में ही गिरने लगे बोल्डर, हाईवे पर बढ़ी चुनौती



दुगड्डा–कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम में फंसे वाहन।



दुगड्डा–कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग से मलवा हटाते हुए पोकलैण्ड मशीन।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनौतियों का सफर कम होने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को हुई हल्की बारिश में ही सड़क पर बोल्डर गिरने लगे। हालांकि पोकलैंड मशीन से बोल्डर हटाने का कार्य जारी रहा।

अगस्त माह में हुई बरसात ने कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग की सूरत बिगाड़ दी थी। बोल्डर व मलबा माह में कई दिन तक राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा। लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा धराशायी हो गया था। सरकारी सिस्टम ने कड़ी मशक्कत के बाद पुश्ते की मरम्मत कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई। लेकिन, अब भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनोती कम नहीं हो रही। शनिवार को जगह-जगह मलबा व बोल्डर गिरता रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग लगातार मलबा व बोल्डर हटाने के कार्य में जुटा रहा। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति भी बनी रही।

## 12 से 29 सितंबर तक ब्लॉकों में लगेंगे कैंप

**पौड़ी** : केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों पहुंचाने के लिए सभी ब्लॉकों में बैंक शाखावार कैंप लगाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे ने सभी खंड विकास अधिकारियों को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया है। जिले के सभी ब्लॉकों में 12 से 29 सितंबर तक कैंपों का आयोजन किया जाएगा। सीडीओ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जनता को प्राप्त होने के साथ-साथ लक्ष्यों की पूर्ति समय पर हो सके उसके लिए बैंक शाखावार कैंपों का आयोजन निर्धारित तिथि को किया जाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि के अनुसार ब्लॉकों के तहत बैंक शाखावार कैंपों का आयोजन को लेकर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। योजनाओं का लाभ कैंप के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा।

## मारपीट मामले में तीन युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बीती शुक्रवार देर सांय कौड़िया में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया। तीनों को न्यायालय के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार बीती शुक्रवार देर सांय वादी आयुष त्रिपाठी पुत्र विनय त्रिपाठी निवासी दुर्गापुरी कोटद्वार ने तहरीर दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे सहपाठी अनुराग थापा को दमन दीप निवासी आमपड़ाव कोटद्वार ने फोन करके गाली-गलौच की व कौड़िया चेक पोस्ट आने के लिए कहा।

इसके बाद वह अपने साथियों के साथ कौड़िया चेक पोस्ट पहुंचे तो अंकुश घिल्डियाल, दमन दीप, तनिष्क डबराल मोटर साइकिल से आये और अनुराग थापा के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान दमन दीप ने रक्षित सिंघल को जान से मारने की नियत से चाकू से वार किया।

मैंने बीच बचाव किया तो मेरे बांए हाथ की कलाई में चाकू से गहरी चोट लग गई। इसके बाद दमन दीप ने हाथ में पहने कड़े से नितिन दिवाकर के सिर पर वार कर दिया।

जिससे उसके सिर में गहरी चोट लग गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बताया कि तहरीर के आधार पर अंकुश घिल्डियाल, दमन दीप, तनिष्क डबराल के खिलाफ आईपीसी की धारा 323/307/504 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : उत्तराखंड ग्रामीण बैंक गवाणी द्वारा ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता अभियान में कई जानकारी दी गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक संजय कुमार, दीपक रावत, विमलेश नवानी, सत्येंद्र सिंह रावत द्वारा ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, जमा योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी बताए गए। बताया गया कि ऑनलाइन बैंकिंग और फ्रॉड कॉलों से बचने के किस तरह के उपाय बरतने चाहिए। कहा कि किसी भी दशा में मोबाइल ओटीपी शेयर नहीं करना चाहिए। इस मौके पर जितेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह, धीरेंद्र, भगवती प्रसाद, कुंवर सिंह, मनोज गुंसाई, राखी देवी, शान्ति, सुनीता, तनुजा हेमलता आदि शामिल रहे।

## एडीएम करेगें जमीनों की जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिले में बाहर से आए लोगों द्वारा खरीदी गई जमीनों की जिला प्रशासन द्वारा जांच की जाएगी। डीएम ने अपर जिलाधिकारी को जिले में बाहर से आए लोगों द्वारा खरीदी गई जमीनों की जांच करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने बताया कि जिले में बाहर से आए लोगों द्वारा खरीदी गई जमीनों की जांच करवाई जाएगी। जिसको लेकर एडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। बताया कि शराब की दुकानों के स्वामियों के हैसियत दस्तावेज की जांच करने के भी निर्देश आबकारी विभाग को दिए गए है।

# पं. राजेंद्र अंथवाल डॉक्टरेट की मानव उपाधि से अलंकृत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सुकरात सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के तत्वावधान में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली के ऑडिटोरियम में शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर देश-विदेश के शिक्षकों को एवं अपने-अपने क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले महान व्यक्तियों को सम्मानित किया गया और उन्हें डॉक्टरेट की मानव उपाधि से अलंकृत भी किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आशीष गुप्ता ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व के अनेक देशों से जिनमें से संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से पीटर जाकुबोवास्की, ईराक से दारून नवजाद, चीन से हूं जू, मस्कट से जोहान बर्नस्टीन, नीदरलैंड से एलन अली, उमान से सुषमा शमर्र, यू.ए.ई. से आनन्द, साउथ अफ्रीका से रूथ थांबे, नेपाल से पं. प्रदीप थापा, मध्य प्रदेश से संध्या सिंह, गुजरात से इंद्रपाल सिंह, मथुरा से वीरेंद्र अग्रवाल, उत्तराखंड से पं. राजेंद्र अंथवाल सहित अन्य राज्यों के लोगों को डॉक्टरेट की मानव उपाधि से अलंकृत किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के एडिशनल जनरल ऑफ पुलिस आलोक कुमार, सिक्किम सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. एम. लामा, उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक कुमार, पुलिस सेवा के अधिकारी डिप्टी एस.पी. डा. गणेश गुप्ता, एस.सी.आर.टी. के डॉयरेक्टर डा. नाहर सिंह, वरिष्ठ आई.पी.एस. पंकज चौधरी (डी.आई.जी. राजस्थान पुलिस), वरिष्ठ आई.ए.एस. धर्मेन्द्र कुलश्रेष्ठ उत्तर प्रदेश शासन, डा. प्रीति बाला गुप्ता (आई.पी.एस. उत्तर प्रदेश शासन), मदन मांडा (भा.ज.पा. प्रवक्ता, गुजरात), आध्यात्मिक गुरु डा. रघुवीर सिंह राजपूत, डा. नमिता जैन, डा. हंस राज सुमन, डा. पीके वर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्वद्यालय के चैयरमैन कुमार योगेश ने किया।

## लुवांठा गांव के लिए सड़क निर्माण शुरू

विकासनगर। मेरा गांव, मेरी सड़क योजना के तहत कालसी ब्लाक के लुवांठा गांव में शनिवार को सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। पिछले कई वर्षों से सड़क की मांग करते आ रहे लुवांठा गांव के लोगों की मांग अब पूरी हो रही है, जिससे पूरे गांव के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। राज्य सरकार द्वारा संचालित मेरा गांव, मेरी सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम लिंक सड़क निर्माण से 1 किलोमीटर की कंक्रीट सड़क बनाया जाता है राज्य सरकार द्वारा 2014 से ये योजना गांवों से पलायन रोकने के उद्धेश्य से शुरू की गयी थी। विकास खंड कालसी के लुवांठा गांव के लिए जेसीबी मशीन लगा कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे पूरे गाँव के ग्रामीण खुश नजर आ रहे है। एक सौ से अधिक आबादी वाले लुवांठा गांव में शिक्षा के लिए भी नौनिहालों को पांच किमी दूर राउमावि कुनबुआ या साहिया जाना पड़ता था। गांव में सड़क ना होने से ग्रामीणों को अपनी नगदी फसलों को पीठ पर लादकर चार किमी ढलान से उतरकर मुख्य मोटर मार्ग शंभु की चौकी तक पहुंचना पड़ता था।

## टीटी अंडर-14 में युवराज, मीनाक्षी, कशिश रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शिक्षा विभाग की शरदकालीन क्रीडा प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम में शुरू हो गई। इस अवसर पर टीटी, बैडमिंटन, हैंडबाल, वालीबॉल, बास्केटबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंडर-14 बालक वर्ग में युवराज ने पहला, अखिलेश ने दूसरा, जूनियर बालिका में मीनाक्षी ने पहला, चांदनी ने दूसरा, सीनियर बालिका में कशिश ने पहला व अनुष्का ने दूसरा स्थान पाया।

शनिवार को इंडोर स्टेडियम में आयोजित टीटी प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग में अनमोल ने पहला, अनिश दूसरे, सब जूनियर बालिका में सिमरन पहले, प्रियांशिका दूसरे, जूनियर बालक में निखिल पहले, सूरज दूसरे स्थान पर रहे। सीनियर बालक में आशीष पहले, प्रियांशु दूसरे, सीनियर बालिका में विनीता पहले व लक्ष्मी दूसरे स्थान पर रही। बैडमिंटन सीनियर बालक में सूरज मंडल ने पहला, अर्चित धनाई ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी सावेद आलम ने किया। प्रतियोगिता में ब्लाक क्रीडा संयोजक राजेंद्र रावत, प्रमोद नेगी, बबीता रावत, कमल रावत, धीरेंद्र नेगी, रचना सिरसवाल, राजीव, प्रदीप कुमार, नरेश जुयाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## पीटीए अध्यक्ष बनीं मंजू

**पौड़ी** : राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मंजू देवी को अध्यक्ष, वेदप्रकाश डोभाल उपाध्यक्ष, तेजराम ममगांई सचिव, सुदीप पंवार कोषाध्यक्ष व संजय डोभाल उपमंत्री चुने गए।

# चिंतन रावत ने किया कोटद्वार का नाम रोशन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : 23वें उत्तराखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में चिंतन रावत ने 93 किलो सीनियर वर्ग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पाकर कोटद्वार का नाम रोशन किया। कोटद्वार के विभिन्न संगठनों ने कोटद्वार पहुंचने पर चिंतन रावत का स्वागत किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में दो से तीन सितंबर तक तुनावाला, राजपुर रोड देहरादून में किया गया। जिसमें चिंतन रावत ने स्क्वेट लिफ्ट में 195 किलो, बैंच प्रेस में 130 किलो तथा डेड लिफ्ट में 230 किलो वजन उठाकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 93 किलो सीनियर वर्ग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चिंतन रावत पुत्र राजेंद्र सिंह रावत काशीरामपुर मल्ला कोटद्वार निवासी है। शनिवार को पूर्व राज्य मंत्री जसवीर राणा ने चिंतन रावत का कोटद्वार पहुंचने पर अभिनंदन किया। साथ ही राकेश शर्मा, देवेंद्र भट्ट, वीरेंद्र रावत, कपिल जोशी, विकास शाह, प्रेम सिंह पायल, मदन मोहन आर्य समेत विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने चिंतन रावत का फूल मालाओं से स्वागत किया।



पूर्व राज्यमंत्री जसवीर राणा चिंतन रावत को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए।

## नेशनल योगा चैंपियनशिप में एचएसवाईएस जौलीग्रांट ने जीते 10 पदक

देहरादून। हिमालयन स्कूल ऑफ योगा साइंसेज जौलीग्रांट के छात्र–छात्राओं ने नेशनल योगा चैंपियनशिप में पदकों की झड़ी लगा दी। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 10 पदक जीते। इसमें एक स्वर्ण, 5 रजत पदक, 4 कांस्य पदक शामिल हैं।

कुलाधिपति डॉ.विजय धस्माना ने विजयी छात्र–छात्राओं को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। योगा फाउंडेशन की ओर से देहरादून में आयोजित दो दिवसीय नेशनल योगा चैंपियनशिप में जौलीग्रांट स्थित हिमालयन स्कूल ऑफ योगा साइंसेज (एचएसवाईएस) के छात्र–छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में देश के उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, नई दिल्ली, गुजरात, असम, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश सहित 18 राज्यों के योग विद्यार्थियों, योग प्रशिक्षकों एवं योग प्रतिपादकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त अमेरीका, वियतनाम, ब्राजील, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, मिस्त्र और चेक गणराज्य के योग विशेषज्ञों ने भी इस चैम्पियनशिप में प्रतिभाग किया।

# हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को समर्पित गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान



अल्मोड़ा। गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान 10 सितम्बर 2023 को अपनी स्थापना के 35 वर्ष पूर्ण कर रहा है। वर्ष 1988–89 में स्थापित यह प्रतिष्ठित संस्थान भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत के शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान अस्तित्व में आया। यह भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में एक स्वायत्तशासी निकाय के रूप में कार्य करता है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक ज्ञान को आगे बढ़ाना, एकीकृत प्रबंधन रणनीतियों को आकार देना और उनकी प्रभावशीलता को प्रदर्शित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थान प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और विभिन्न भारतीय हिमालयी क्षेत्रों में पर्यावरणीय मुद्दों के विकास को बढ़ावा देता है। संस्थान ने प्रसार प्रोटोकॉल तैयार कर उनकी न्यूट्रास्यूटिकल और फार्मास्युटिकल क्षमता की खोज की है। हिमालयी झरनों के मानचित्रण और पुनर्जीवन के लिए महत्वाकांक्षी जल अभयारण्य कार्यक्रम के तहत संस्थान ने 11 हिमालयी राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापक ब्लॉक स्तरीय जल की कमी का मानचित्रण भी किया है।

## महिला समेत दो लोग स्मैक के साथ गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने महिला समेत दो लोगों को 11.6 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया है।शुक्रवार शाम गश्त के दौरान पंडरी जाने वाले रास्ते में महिला समेत दो लोग पुलिस को देख लौटने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को रोक लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम गीता शर्मा निवासी वार्ड नं. 6 और युवक ने अपना नाम विकास कुमार निवासी यूपी के ग्राम फुलैया, अमरिया बताया। दोनों ने बताया कि वह बहेड़ी से स्मैक खरीदकर फुटकर में बेचते हैं। पुलिस को गीता शर्मा के पास से 6.5 ग्राम और विकास के पास से 5.1 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# किच्छा में निकाला चेहल्लुम का जुलूस



रुद्रपुर। नगर में चेहल्लुम के ताजियों का जुलूस गमगीन माहौल में निकाला गया। ताजियों को देर शाम करबला में दफन किया गया। शनिवार को सिरौली कला, इंदिरा नगर, सिसई आदि क्षेत्रों से लोग ताजियों को जुलूस के रूप में लेकर दरगाह चूड़ी शाह बाबा परिसर में पहुंचे। यहां से तजियों को दोपहर बाद जुलूस के रूप में पुरानी गल्ला मंडी स्थित करबला में ले जाया गया, जहां देर शाम इन्हें दफन किया गया। ताजियों के जुलूस के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

# सीएम के दिवस अधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

रुद्रपुर। सीएम पुष्कर सिंह धामी के दिवस अधिकारी दिनेश यादव ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकांश लोगों ने उनके समक्ष बीमारी के इलाज के लिए सीएम राहत कोष की गुहार लगाई। इस दौरान ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड पर यूपी के अस्पतालों में लाभ नहीं मिलने की बात कही। लोक निर्माण विभाग में बने कार्यालय में सीएम के दिवस अधिकारी यादव के समक्ष लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। गांव–गांव से जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों के साथ आए लोगों ने यादव के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अधिकांश लोगों ने अपनी बीमारी के लिए सीएम राहत कोष की मांग की। इसके अलावा उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के सदस्य भी यादव से मिले। उन्होंने पेंशनर्स से गोल्डन कार्ड की कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 प्रतिशत करने, गोल्डन कार्ड पर ओपीडी और पैथोलॉजी जांच की सुविधा निशुल्क देने, गोल्डन कार्ड पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है या नहीं इसके लिए जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारी बनाने आदि मांगे रखी थीं। यहां समूह की महिलाएं भी दिवस अधिकारी से मिलीं और समूह को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग रखी। यहां रामू जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, गौरव सोनकर, दिनेश सिंह मंगला, गुड्डू टम्टा, रमेश जोशी, सोभनाथ मौर्य, भवानी भंडारी, विक्रम भाट, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

बागेश्वर। विधिक सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को सस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज चौरासी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इसमें विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति सावधान किया। प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर तक यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा के लिए स्कूली बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें सड़क सुरक्षा के नियम बताए जा रहे हैं।

## भाजपा की जीत पर ग्रामीण मंडल ने जताई खुशी

बागेश्वर। भाजपा बागेश्वर ग्रामीण मंडल ने शनिवार को उपचुनाव में पार्टी की जीत की खुशी में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मिष्ठान वितरित किया गया।

बागेश्वर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष नंदन सिंह रावल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। चुनाव प्रभारी कुंदन सिंह परिहार ने कहा कि ग्रामीण मंडल बागेश्वर में 39 बूथ हैं। इनमें नौ शक्ति केंद्र हैं। सभी शक्तिकेंद्रों पर भाजपा ने परचम लहराया है। 39 बूथों में 31 बूथ पर भाजपा भारी मतों से विजयी रही। मंडल जीत का निर्णायक रहा। मंडल में 11797 मत पड़े। जिसमें 53 प्रतिशत मत भाजपा के पक्ष में थे।

# सरकारी पार्किंग में मनमानी वसूली से अधिकारियों के छापे के बाद भी राहत नहीं

हल्द्वानी। शहर में पार्किंग की दिक्कत खत्म करने के सभी प्रयास जहां फेल हो रहे हैं वहीं सरकारी कार्यालयों की पार्किंग स्थलों पर वाहन चालकों से मनमाने तरीके से वसूली अभी भी जारी है। बीते दिनों कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के निरीक्षण में पाई गई खामियों पर फटकार लगने के बाद भी हालात जस के तस हैं।

कार का पार्किंग शुल्क लेकर बाइक की पर्ची देना हो या फिर महज पांच मिनट से भी कम समय के लिए वाहन को पार्क करना हो, शुल्क की वसूली होना तय है। पार्किंग की समस्या शहर की बड़ी दिक्कतों में शामिल हो चुकी है। लगातार लोग इसकी बेहतरी की मांग भी उठा रहे हैं। उच्च स्तर से इसके लिए होने वाले सभी प्रयास तो फेल होते नजर आ रहे हैं लेकिन स्थानीय स्तर पर भी अधिकारियों की व्यवस्थाओं में सख्ती की कमी दिखाई दे रही है। बीते दिनों कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने तहसील कार्यालय में बनी पार्किंग का निरीक्षण किया था। इस दौरान पार्किंग की पर्चियों से लेकर उनके आवंटन और पार्किंग शुल्क वसूली तक में गड़बड़ियां सामने आई थीं। सख्ती के साथ कमिश्नर ने तहसीलदार को व्यवस्थाओं में बदलावा और मनमाने तरीके से पार्किंग के संचालन पर सख्ती करने के निर्देश दिए थे। ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े और गैर जरूरी तरीके से हो रही अवैध वसूली पर भी रोक लगाई जा सके। इसके बाद भी आज भी स्थिति वही बनी हुई है। आज भी तहसील की पार्किंग में मनमाने तरीके से वाहनों को पार्क करवाया जा रहा है।

**यही हाल एसडीएम कोर्ट पार्किंग का**

नैनीताल रोड स्थित एसडीएम कोर्ट परिसर में हर रोज बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में पार्किंग में पहुंचने वाले वाहन चालकों से मनमानी तरीके से वसूली का होना सरासर गलत है।

यह हालात भी तब हैं जब सिटी मजिस्ट्रेट से लेकर प्रशासन के कई अधिकारी वहां मौजूद रहते हैं। पार्किंग की अव्यवस्थाओं के बारे में जब अधिकारियों से बातचीत का प्रयास किया गया तो किसी ने जानकारी न होने की बात कही तो किसी ने कार्यालय की छुट्टी होने का बहाना बना दिया।

# तामली के ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया



चम्पावत। सीमांत तामली में एसएसबी ने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। प्रशिक्षण में ग्रामीणों को फल और खाद्य प्रसंस्सकरण की जानकारी दी गई। एसएसबी पंचम वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में कहा गया कि फल प्रसंस्सकरण के प्रशिक्षण से रोजगार मिल सकेगा। सहायक कमांडेंट संजय कुमार ने ग्रामीणों से सीमा पर होने वाली हर गतिविधि की जानकारी देने को कहा। प्रशिक्षण में 30 ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इसके अलावा मानव चिकित्सा शिविर में निशुल्क दवाई दी गई। सहायक कमांडेंट डॉ.शिवानी ने 36 लोगों का उपचार किया।

# लोबियाल ने शैलेश मटियानी पुरस्कार की राशि विद्यालय को दी

बागेश्वर। शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित प्रभारी प्रधानाचार्य त्रिभुवन लोबियाल का शनिवार को स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने भव्य स्वागत किया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लोबियाल ने पुरस्कार की धनराशि विद्यालय को भेंट कर दी है। इस राशि से यहां अध्ययनरत छात्रों को बेहतरीन पुस्तकें पढ़ने को मिलेंगी। मालूम हो कि शिक्षक दिवस पर राजभवन में राज्यपाल, मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री ने जगत सिंह माजिला राइंका कांडा के प्रभारी प्रधानाचार्य गणित प्रवक्ता त्रिभुवन लोबियाल को वर्ष 2022 के लिए शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया। शनिवार को विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों, स्टाफ व अभिभावकों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर लोबियाल ने पुरस्कार में मिली दस हजार की धनराशि विद्यालय और विद्यार्थी हित में खर्च करने के लिए विद्यालय प्रबंधन को सौंपने का ऐलान किया। सम्मान समारोह में पीटीए अध्यक्ष अर्जुन सिंह नगरकोटी, एसएमसी अध्यक्ष मंजू आर्या, देवकी वर्मा ने लोबियाल की इस पहल की सराहना की और उनका आभार जताया।

# कारोबारी की दुकान में करंट लगने से मौत

हल्द्वानी। रामनगर के ट्रांसपोर्टनगर में टायर की दुकान में काम करने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने पर दुकान स्वामी को करंट लग गया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। ट्रांसपोर्ट नगर में मोहल्ला खताड़ी निवासी शुऐब खान (55) की सूफी टायर के नाम दुकान है। शनिवार को दोपहर में वह घर से भोजन के बाद वह दुकान पर पहुंचे। इस समय बारिश हो रही थी। दुकान में पहुंचते ही उन्होंने काम करने के लिए बिजली का स्विच ऑन किया। इससे शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट होने पर उन्हें करंट लग गया। वह झुलस गए। आनन–फानन में आसपास के लोग उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने नाजुक हालत देखते हुए काशीपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं कारोबारी की मौत पर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर के अध्यक्ष जावेद खान, सभासद

## अवैध खनन में लिप्त एक वाहन सीज

चम्पावत। वन विभाग के शारदा रेंज की टीम ने अवैध खनन में लिप्त एक पिकअप वाहन सीज किया है। पकड़े गए वाहन स्वामी पर पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। शारदा रेंज के रेंजर पीसी जोशी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम पिकअप वाहन संख्या यूके 03सीए 0739 शारदा घाट से अवैध तरीके से रेत ढोते हुए पकड़ा गया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दुर्गादत्त पाण्डेय की जयंती पर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित



अल्मोड़ा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दुर्गादत्त पाण्डेय की जयंती के उपलक्ष में लमगड़ा ब्लॉक के अंतर्गत शनिवार को सर्वोदय इंटर कॉलेज जैंती में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया गया। इस कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय दुर्गादत पाण्डेय के जीवन परिचय पर वक्ताओं ने व्याख्यान दिए। इस दौरान सांसद अजय टम्टा ने कहा कि आज हम सभी को अपने महापुरुषों से सीख लेते हुए देश के विकास में योगदान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने स्वर्गीय दुर्गा दत्त पाण्डेय को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आज लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर से लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। आज आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने भी विभागीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दें। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से 25 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 70 बीपीएल प्रमाण पत्र बनाए गए, कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि के 25 आवेदन प्राप्त किए गए,

## फैक्ट्री संचालक को देना होगा पांच लाख रुपये जुर्माना

रुद्रपुर। छापे के दौरान फैक्ट्री में भारी मात्रा में पॉलीथिन, प्लास्टिक दाना और प्लास्टिक रेल बरामद होने के बाद सील कर दी गई थी। इस मामले में फैक्ट्री के संचालक को पांच लाख का जुर्माना देना होगा। शुक्रवार की देर शाम जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह और एसडीएम मनीष बिष्ट के नेतृत्व में टीम ने फौजी मटकोटा की एक फैक्ट्री में छापा मारकर 105 कट्टे प्लास्टिक दाना, 11 कट्टे पॉलीथिन और 13 रेल प्लास्टिक के बरामद किये थे। टीम ने फैक्ट्री को सील कर दिया था। यह फैक्ट्री पिछले एक साल से चल रही थी। इसका संचालन संतोष कुमार यादव नाम का व्यक्ति कर रहा था। अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने बताया कि सील की गई फैक्ट्री के संचालक पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सोमवार को नोटिस भेजा जाएगा।

# चम्पावत में बारिश से तापमान गिरा



चम्पावत। चम्पावत में दिन भर रुक–रुक कर बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आ गई। बीते 24 घंटे में चम्पावत में सर्वाधिक सात एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। चम्पावत में शनिवार को तड़के से बारिश हुई। पूर्वान्ह करीब 11 बजे तक बारिश थमी। इसके बाद दोपहर तक हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आ गई। शाम तक आसमान घने बादलों से घिरा रहा। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक चम्पावत में सर्वाधिक सात एमएम बारिश रिकॉड की गई। जबकि बनबसा में दो, लोहाघाट में एक और पाटी में दो एमएम बारिश दर्ज की गई।

# पंत जयंती की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी

बागेश्वर। जिले में शनिवार को भारत रत्न प. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। तहसील सभागार में काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। इस दौरान भारत रत्न पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। तहसील सभागार में वृक्ष प्रेमी किशन मलड़ा, एडवोकेट गोविंद भंडारी ने काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया। इसके बाद पौधारोपण किया गया। इस दौरान विद्यालयों में भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

राइंका में भाषण, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। प्रतिभागियों ने गोविंद बल्लभ पंत के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को बहुत ही प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। भाषण में अवनि पहले, आराध्या दूसरे, हिमांशी मेहता तीसरे, जूनियर में नमन, योगिता, मेघा जोशी, सीनियर में सुमन नेगी, रिया जोशी, हर्ष पंत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी आदि उपस्थित रहे। बीडी पांडे कैंपस में भी पंत को याद किया गया। इस दौरान डॉ. नगेंद्र, डॉ. विजय आदि उपस्थित थे। इधर, विक्टर मोहन जोशी इंटर कॉलेज में भी भाषण, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**कृष्णा, तरुण, काव्या, सरिता, शिया व जितेंद्र ने मारी बाजी**

गरुड़। भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत जयंती की पूर्व संध्या पर खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने पं. पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में कृष्णा पांडे और सीनियर वर्ग में तरुण जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में काव्या तथा सीनियर वर्ग में सरिता जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में शिया तुलेरा तथा सीनियर वर्ग में जितेंद्र परिहार प्रथम स्थान पर रहे।

## जीआईसी मऊ में हुआ सम्मान समारोह

चम्पावत। बाराकोट के जीआईसी मऊ में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान शिक्षक दिवस के मौके आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। साथ ही, अव्वल रहे प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ऋतेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता और सतीश गहतोड़ी के संचालन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## सिडकुल कंपनी श्रमिक की मौत के मामले में केस दर्ज

रुद्रपुर। कंपनी में लोडिंग करते हुए ट्रक की टक्कर से श्रमिक की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कालीनगर, विजयनगर दिनेशपुर निवासी साधना मंडल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पति रवि मंडल कई सालों से सिडकुल की एक कंपनी में नौकरी करते थे। बीती 18 अगस्त की दोपहर वह कंपनी परिसर के अंदर लोडिंग का कार्य कर रहे थे।

आरोप था कि इस दौरान एक ट्रक चालक ने लापरवाही और तेजी से ट्रक को बैक कर दिया। ट्रक की चपेट में आकर उसके पति रवि मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पति को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकितस्कों ने उन्हें रेफर कर दिया। 24 अगस्त को अस्पताल ले जाते समय उसके पति की रास्ते में ही मौत हो गई।

# जनवरी से गुमशुदा महिला बच्चों सहित गुरुग्राम हरियाणा से सकुशल बरामद



अल्मोड़ा। सल्ट थाना पुलिस ने जनवरी माह से लापता महिला को बच्चों सहित गुरुग्राम हरियाणा से बरामद किया है। 01 फरवरी 2023 को सल्ट निवासी एक व्यक्ति ने थाना सल्ट में तहरीर दी थी कि 27 जनवरी 2023 को उसकी पत्नी दो बच्चों (लड़की उम्र– 09 वर्ष व लड़का उम्र– 07 वर्ष) को साथ लेकर घर से बिना बताए कहीं चले गई है, जिनकी हमने काफी ढूंढखोज कर ली है लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा है।

जिस पर थाना सल्ट में एफआईआर पंजीकृत की गई। एसएसपी अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरु द्वारा मामले की गंभीरता के दृष्टिगत थानाध्यक्ष सल्ट को गुमशुदा महिला को बच्चों सहित बरामद करने के निर्देश दिए गए। अजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गुमशुदाओं की बरामदगी हेतु लगातार ढूढ़खोज जारी रखते हुए सर्विलांस सेल की सहायता से 08 सितम्बर को गुमशुदा महिला को उसके दोनों बच्चों सहित सिकंदरपुर, गुरुग्राम हरियाणा से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# छात्रों की मांगों पर तत्काल गौर करें सरकार

टिहरी : एसआरटी परिसर बादशाही थौल में छात्रों के अनिश्चितकालीन धरने–प्रदर्शन में पहुंचकर उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधियों ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि मांग जायज है। इस पर सरकारों को तत्काल गौर करना चाहिए। 18वें दिन बारिश में भी छात्र आंदोलन पर परिसर में डटे रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक टिहरी गढ़वाल गौतम मखलोगा, नगर मंत्री व छात्र संघ महासचिव नितीश कोठारी, परिसर अध्यक्ष अंशुल भंडारी के नेतृत्व मे स्वामी रामतीर्थ परिसर के छात्र-छात्राएं नौ सूत्रीय मांगो को लेकर लगातार धरने पर बने रहे। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से लगातार रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश, सीयूईटी प्रवेश परीक्षा मे उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने, स्नातकोतर कक्षाओं में पूर्व की भांति 5 प्रतिशत कैंपस वेटेज, खेल मैदान के लिए बजट की स्वीकृति, परिसर में एम्बुलेंस की सुविधा, परिसर मे विज्ञान संकाय का निर्माण, रीडिंग रूम और जिम का समय परिवर्तन एवं रविवार को भी संचालन की मांग कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर गौर न हुआ तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। 18वें दिन भी धरने पर परिसर में अंशुल भंडारी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित सजवाण, पूर्व छात्रसंघ महासचिव प्रदीप सिंह सजवाण, पूर्व छात्रसंघ महासचिव सचिन सिंह सजवाण, अभिषेक नेगी आदि मौजूद रहे। जबकि इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष कोटी कालोनी कुलदीप सिंह पंवार, प्रदेश संयुक्त मंत्री अब्दुल अतीक ,जिला महामंत्री कर्म सिंह तोपवाल, शिवराज सजवाण, राजेश जुयाल, नई टिहरी व्यापार मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रसाद डोभाल, मायाराम थपलियाल, दीपक राणा, राजेश जुयाल आदि ने छात्रों के आंदोलन को मौके पर पहुंचकर समर्थन देते हुए कहा कि गलत नीतियों के कारण स्थानीय छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है और छात्रों की संख्या घट रही है। (एजेंसी)

# लापता महिला राजस्थान से बरामद, भेजा नारी निकेतन

टिहरी : थाना घनसाली पुलिस ने भिलंग पट्टी के एक गांव से 3 वर्षीय बालिका के साथ लापता हुई महिला को राजस्थान के चुरू से बरामद किया है। जिसे एसडीएम मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। एसडीएम ने महिला को नारी निकेतन देहरादून भेज दिया है।

थानाध्यक्ष राजेश बिष्ट ने बताया कि, बीते 28 अगस्त को महिला के परिजनों ने थाने में महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि, महिला के पति की चार साल पूर्व मौत हो गई थी, जिसकी 3 बेटियां है। जिनमे से वह दो बड़ी बेटियों को घर मे छोड़कर 3 साल की बेटी के साथ कही चली गई है। जिसके बाद पुलिस ने जांच टीम का गठन कर महिला को बच्ची के साथ राजस्थान के चुरू से बरामद कर एसडीएम घनसाली के समक्ष पेश किश।

महिला ने बताया कि, वह अपनी मर्जी से राजस्थान निवासी सोमवीर के साथ चली गई थी। वह अपनी दोनों बड़ी बेटियों को भी साथ ले जाना चाहती थी, लेकिन उन्होंने जाने से मना कर दिया। जो कि अपनी दादी के साथ रह रही हैं।

महिला ने एसडीएम को बताया कि, वह घर नहीं जाना चाहती। जबकि परिजनों ने भी उसे घर ले जाने से मना कर दिया। जिसके बाद एसडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी ने महिला को नारी निकेतन देहरादून भेज दिया है। (एजेंसी)

# चेक बाउंस के मामले में युवक गिरफ्तार

टिहरी : पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक इस तरह के एक मामले में पहले से ही पौड़ी जिले में बंद था, जिसकी जमानत होने पर देवप्रयाग पुलिस ने उसे दोबारा सबधारखाल में गिरफ्तार कर लिया।देवप्रयाग की भरपूर पट्टी के चौण्ड गांव निवासी नवीन पाण्डे पुत्र रतनमणी को पुलिस ने तीसरी बार चेक बाउंस होने पर गिरफ्तार कर लिया। बछेलीखाल चौकी प्रभारी रविंद्र डोभाल के अनुसार, 31 वर्षीय नवीन पाण्डे के खिलाफ चेक बाउंस होने पर कोर्ट से वारंट जारी किया गया था। मगर नवीन पाण्डे इसी तरह के मामले में 15 दिन पहले पौड़ी जिले में बन्द किया गया था। शुक्रवार को उसकी जमानत होने पर नवीन पांडे को जेल से छोड़ा गया था। जिस पर पुलिस ने उसे देवप्रयाग से 20 किमी पहले सबधारखाल में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार युवक नवीन पांडे ने श्रीनंगर, पौड़ी, टिहरी आदि में कई लोगों से लाखों का उधार लिया। जब लोगों ने अपनी रकम वापस मांगी, तो नवीन ने उनको चेक दिये।

खाते को कोई रकम नहीं होने पर उसके दिये सभी चेक बाउंस हो गए। जिसके बाद उधार देने वाले लोगों ने नवीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी। इस मामले में नवीन टिहरी व पौड़ी जेल में बंद रह चुका है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नवीन ने, साकनीधार में भूमि खरीद के मामले में एक महिला को चेक दिया था, जो बाउंस हो गया था। जिसके बाद उक्त महिला उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाया। चौकी प्रभारी डोभाल के मुताबिक नवीन पर मामला दर्ज किया गया था। शनिवार को नवीन पांडे को कीर्तिनगर कोर्ट में पेश किया गया। (एजेंसी)

## एसडीएम ने किया शराब की दुकान का निरीक्षण

टिहरी : सदर एसडीएम संदीप कुमार ने नई टिहरी के बौराड़ी स्थित विदेशी मदिरा की दुकान का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने दुकान में स्टॉक रजिस्टर और बिक्रय पंजिका का मिलान किया। बताया स्टॉक राजिस्टर के मुताबिक मिलान पाया गया।

शराब को ओवर रेट पर बेचने के साथ लोगों को बिल न दिये जाने की शिकायतें मिली है। एसडीएम ने विदेशी शराब दुकान संचालकों को निर्धारित मूल्य पर शराब की बेचने के साथ लोगों को बिल देने के निर्देश दिये। (एजेंसी)

# प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली हेतु राज्यपाल ने किया हवन



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए हवन किया। उन्होंने कहा कि यह हवन प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए किया गया है। राज्यपाल ने हवन संपन्न कराने वाले देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या का हार्दिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, तरुण कुमार, संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय, कम्प्ट्रोलर प्रमोद चमोली, विशेष कार्याधिकारी बी0पी0 नौटियाल, प्रोटोकॉल अधिकारी संतोष सकलानी सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेत्रदान पखवाड़े पर 503 लोगों ने कराई आंखों की जांच

चमोली : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत आयोजित नेत्र शिविरों में जिला चिकित्सालय में 503 लोगों की आई स्क्रीनिंग की गई। जिला चिकित्सालय में मरीजों एवं तीमारदारों को नेत्रदान हेतु जन जागरूक किया गया। प्रभारी सीएमओ डा. अभिषेक गुप्ता ने कहा कि नेत्रदान कर नेत्रहीन के जीवन को रोशन किया जा सकता है। एसीएमओ डॉ. एमएस खाती ने बताया कि नेत्रदान के प्रति जनमानस में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा आयोजित किया गया है। नेत्र सर्जन डा. निर्मल प्रसाद ने कहा कि नेत्रदान मृत्यु के बाद होता है और किसी भी उम्र का व्यक्ति मृत्यु से पूर्व नेत्रदान की प्रतिज्ञा कर सकता है। नेत्रदान से संबंधित जानकारी के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800-11-4770 या हेल्थ हेल्पलाइन नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने नेत्र सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए वर्ष में एक बार नेत्र विशेषज्ञ से अपने नेत्रों की जांच अवश्य करवाने, आई फ्लू होने पर नेत्र विशेषज्ञों से परामर्श लेने व चिकित्सकीय परामर्श के बगैर कोई दवा न लेने की अपील की गई। (एजेंसी)

# छात्रों ने शिक्षा मंत्री एवं प्राचार्य का पुतला फूंका



रूद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं के समाधान न होने से गुस्साए छात्रों ने जय हो छात्र संगठन के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री एवं महाविद्यालय के प्राचार्य का पुतला दहन किया। साथ ही जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय की समस्याओं के समाधान न होने से छात्र–छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।महाविद्यालय में छात्र नेताओं ने कहा कि जय हो छात्र संगठन साल भर शासन–प्रशासन एवं महाविद्यालय के सम्मुख अनेक समस्याओं को ले जाता रहा है साथ ही इसके समाधान की मांग करता आ रहा है किंतु आज तक कोई निस्तारण नहीं किया गया है जिससे यहां शिक्षा ले रहे छात्र–छात्राओं को परेशानियां उठानी पड़ रही है। छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आशुतोष त्रिपाठी का पुतला दहन किया। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष सौरव पंवार, विवि प्रतिनिधि ऋषभ सिंधवाल, महासचिव आलोक बुटोला, प्रिया, मनमोहन कप्रवान, नागेंद्र आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# संगठन को टिहरी से हो रहे पलायन पर चर्चा करनी होगी

टिहरी : प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा की संस्तुति पर प्रदेश संगठन की नवगठित कार्यकारिणी में टिहरी जनपद के निवर्तमान प्रदेश मंत्री अब्दुल अतीक को पदोन्नत करते हुए प्रदेश सयुंक्त महामंत्री (गढ़वाल) के पद पर मनोनीत किसा गया है।


साथ ही व्यापारी माया राम थपलियाल को जिला कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। जनपद टिहरी गढ़वाल प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कंडारी, जिला महामंत्री कर्म सिंह तोपवाल, कोटी व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप पंवार, नई टिहरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष ज्योति डोभाल, यमुनाघाटी के जिलाध्यक्ष कबूल सिंह पंवार, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह रावत, भूपेंद्र नेगी, शिवराज सजवाण, दीपक राणा आदि अनेकों व्यापारियों ने दोनों को बधाई दी है। इस मौके पर कोटी व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने कहा कि प्रदेश व जिला नेतृत्व ने अनुभवी लोगों को तरजीह दी गई है। इससे संगठन को शक्ति मिलेगी। संगठन को टिहरी से हो रहे पलायन पर चर्चा करनी होगी। व्यापार प्रभावित हो रहा है। जिसके लिए लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ टिहरी झील को नई टिहरी सहित आस-पास के कस्बों से जोड़ना होगा। (एजेंसी)

## छह माह में तैयार होंगे 17.5 हजार गौवंश के लिए गौसदन

देहरादून। उत्तराखंड में निराक्षित गोवंश की सुरक्षा और संरक्षण के लिए छह महीने के भीतर भीतर ठोस व्यवस्था की जाएगी। शनिवार को विधानसभा सभागार में तीन काबीना मंत्रियों की उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक में इस लक्ष्य का युद्धस्तर पर कार्य करते हुए हासिल करने का निर्णय किया गया। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गौवंश संरक्षण के लिए विस्तार से चर्चा की। महाराज ने कहा कि सड़कों पर घूमने वाली गायों को चिन्हित कर गौसदनों में रखा जायेगा। जहां जहां गौशालाएं नहीं बनीं हैं उन स्थानों पर भी प्राथमिकता के साथ गौशालाएं बनाईं जाएंगी। संसदीय कार्यमंत्री अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है। हमारी संस्कृति में गौ, गंगा, गणेश तथा गायत्री का महत्वपूर्ण स्थान है। सभी डीएम को गौसदनों के निर्माण हेतु जमीन के चिन्हिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने डीएम से अपेक्षा की कि गौवंश के संरक्षण हेतु अन्य मदों से भी धनराशि का आवंटन करें और विधायकों से भी अपेक्षा की कि गौवंश के संरक्षण के लिए विधायक निधि से सहयोग करें। पशुपालन मंत्री बहुगुणा ने कहा कि राज्य में लगभग 17.5 हजार निराश्रित गौवंश है।

## डेंगू से निपटने में नाकाम रही सरकार – माहरा

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सरकार पर डेंगू से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने देहरादून में डेंगू की विकराल होती स्थिति के लिए स्मार्ट सिटी के अधूरे कार्यों को जिम्मेदार बताया है। शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में माहरा ने कहा कि डेंगू विकराल रूप धारण कर चुका है। कोविड के दौरान तो सरकार के पास, जानकारी नहीं होने का बहाना था, लेकिन डेंगू तो हर साल होता है। फिर भी सरकार की कोई तैयारी नहीं थी। उल्टा आधे अधूरे निर्माण कार्यों में बरसाती पानी फंस कर लार्वा तैयार कर रहा है। माहरा ने आरोप लगाया कि निकायों को फॉगिंग के नाम पर 40– 40 लाख दिए दिए गए हैं, लेकिन कहीं भी फॉगिंग नहीं हो रही है। अस्पतालों में एक बेड पर दो– दो मरीज लेटे हुए हैं, प्लेटलेट का संकट खड़ा हो गया है। सरकार अब तक सिर्फ 12 का दावा कर रही है, जबकि यह आंकड़ा कहीं अधिक है। इस मौके पर उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी के साथ ही डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, शीशपाल सिंह बिष्ट, सुशील राठी, रोश चमोली, मोहन काला उपस्थित हुए। बागेश्वर में भाजपा की नैतिक हारः बागेश्वर चुनाव पर टिप्पणी करते हुए, माहरा ने कहा कि वहां दरअसल सरकार की जीत हुई है, जबकि भाजपा की हार हुई है। माहरा ने कहा कि कांग्रेस को 2022 के मुकाबले उपचुनाव में 11 हजार अधिक वोट बढ़े हैं। चुनाव पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में था, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग से चुनाव को भाजपा के पक्ष में मोड़ा गया।






# मुद्दा नाम परिवर्तन नहीं है

इस आरोप में दम है कि सरकार हर काम को सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है।

द्रौपदी मुर्मू और नरेंद्र मोदी ने अगर आधिकारिक रूप से खुद को क्रमशः भारत की राष्ट्रपति और भारत का प्रधानमंत्री कहलाना शुरू किया है, तो उसमें कोई असंवैधानिक बात नहीं है। भारतीय संविधान के मुताबिक इस देश के नाम के रूप में भारत और इंडिया दोनों या दोनों में से किसी एक शब्द का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर संविधान संशोधन कर आधिकारिक रूप से नाम बदलने की कोशिश की जाती है, तो उसमें कोई असाधारण बात नहीं होगी। विभिन्न देशों ने अपना नाम बदला है, जिनमें सबसे ताजा उदाहरण टर्की के तुर्किये बन जाने का है। अपने देश में भी शहरों और राज्यों तक के नाम बदलने की परंपरा रही है। अभी हाल में केरल ने अपना नाम केरलम कर लिया। इसके पहले बंबई, मद्रास, बैंगलोर क्रमशः मुंबई, चेन्नई और बंगलुरू हो ही चुके हैं। यहां सिर्फ उन नाम परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें राजनीतिक एवं सार्वजनिक आम सहमति से किया गया। अनेक नाम परिवर्तन ऐसे भी हुए हैं, जिन पर ऐसी सहमति बनाने की कोशिश नहीं की गई और इसलिए यह आरोप रहा है कि उन्हें ध्रुवीकरण की सियासत के हिस्से के रूप में अंजाम दिया गया। और यही पहलू देश के नाम के बारे में उठे विवाद का भी प्रमुख कारण है।

अगर वर्तमान केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती है, तो उसका सही तरीका पहले इस सवाल पर राष्ट्रीय बहस कराना और अधिकतम सहमति बनाना होना चाहिए। संविधान सभा ने अगर इंडिया और भारत दोनों नामों को अपनाया, तो इसका कारण वहां एक नाम पर सहमति ना बन पाना था। अब 75 साल बाद संभवतः ऐसा होने की संभावना अधिक मजबूत होगी। मगर समस्या यह है कि सहमति और संवाद के साथ आगे बढना मौजूदा सरकार की शैली का हिस्सा नहीं है। बल्कि इस आरोप में दम है कि हर काम को वह सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है। अपेक्षित यह है कि सरकार लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप संवाद के साथ ही ऐसी कोई पहल करे।

# भारत की जी–20 अध्यक्षता में अन्न व अन्य प्राचीन

**जी–20 वैश्विक खाद्य उत्पादन में छोटे जोतधारकों के महत्व को पहचानता है। हमारे कृषि परिदृश्य में छोटे–मझौले किसानों की भूमिका से सरकार भली–भांति परिचित है, जिन्हें सशक्त बनाने के लिए हमने कृषि सखी कार्यक्रम शुरू किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों में प्रशिक्षण व ऋण तक पहुंच प्रदान करता है। हम ई–नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) प्लेटफॉर्म का विस्तार कर रहे हैं ताकि किसानों को उनकी भौगोलिक स्थिति के बावजूद उपज का उचित मूल्य मिल सकें।जी–20 उत्पादकता और सततता में वृद्धि के लिए कृषि में नई प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देता है। हम कृषि में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी को तेजी से अपना रहे हैं। फसलों के लिए रिमोट सेंसिंग–आधारित उपज अनुमान के लिए यसटेक, मौसम की जानकारी एकत्र करने के लिए विंड्स और बीमा कंपनियों द्वारा पारदर्शी गणना व दावा निपटान के लिए डिजीक्लेम जैसी कुछ पहलें उल्लेखनीय हैं।**

**नरेंद्र सिंह तोमर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, भारतीय अध्यक्षता में जी20 का आयोजन समग्र देश को गौरवान्वित कर रहा है। जन–जन को गर्व की अनुभूति है। अमृतकाल के युग में प्रवेश करता भारत, विकास और सामाजिक प्रगति की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा के पथ पर आगे बढ़ चुका है। ये पल अविस्मरणीय है व देशवासियों के लिए उत्साह का संचार करने वाले हैं। यह सुखद अहसास अपनी सीमाओं से परे तक विस्तृत है, जो वैश्विक विकास के प्रक्षेप पथ के लिए एक मानक स्थापित करता है। इस वृहद आयोजन के दौरान जी20 के कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की हुई बैठकें भी ऐतिहासिक रही, वहीं जी20 के कृषि मंत्रियों को प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए गए संदेश में यह प्रतिध्वनित हुईः कृषि में भारत की जी20 प्राथमिकताएं हमारी एक पृथ्वी की अवधारणा को पोषित करने, हमारे एक परिवार के भीतर सद्भाव उत्पन्न करने और उज्ज्वल एक भविष्य की आशा देने पर केंद्रित हैं।

कृषि कार्य समूह की उपलब्धियां 200 से अधिक प्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्होंने गत महीनों में देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से लेकर चंडीगढ़ के सुनियोजित शहरी परिदृश्य तक की यात्रा की, फिर पवित्र शहर वाराणसी तक और अंततः मनमोहक मोतियों के शहर, हैदराबाद तक पहुंचे।

सतत विकास लक्ष्य–2 (एसडीजी–2) में रेखांकित एक प्रमुख वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य हासिल करने को हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2030 तक शून्य भूख एसडीजी तक पहुंचने में केवल सात वर्ष शेष हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि यह स्थिति वर्ष 2015 से अपरिवर्तित बनी हुई है। कोविड–19 महामारी और जलवायु परिवर्तन के लगातार प्रभाव जैसे कारक वर्ष 2030 में 670 मिलियन लोगों को भूखा बना सकते हैं, ऐसी चुनौती है, लेकिन भारत, अपने जी–20 कृषि कार्य समूह की अध्यक्षता के तहत, इन चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक ऐतिहासिक सहमति बनीं, जिसमें जी–20 के कृषि मंत्रियों ने खाद्य सुरक्षा व पोषण पर डेक्कन उच्च स्तरीय सिद्धांतों का समर्थन करने पर सहमति व्यक्त की है।

ये सिद्धांत वैश्विक खाद्य सुरक्षा संकटों के समाधान में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में प्रयासों को सुदृढ़ करने में जी–20 की सामूहिक जिम्मेदारी को प्रदर्शित करते हैंः

* संवेदनशील स्थितियों में देशों और आबादी को मानवीय सहायता की सुविधा प्रदान करना;
* पौष्टिक भोजन की उपलब्धता और पहुंच बढ़ाना और खाद्य सुरक्षा ढांचे को सशक्त करना;
* जलवायु अनुकूल व सतत कृषि और खाद्य प्रणालियों के लिए नीतियां व सहयोग सशक्त करना;
* कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला में लचीलापन और समावेशिता को मजबूत करना;
* स्वास्थ्य उपागम को बढ़ावा देना;
* नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग में तेजी लाना और
* कृषि में उत्तरदायी सार्वजनिक और निजी निवेश को बढ़ाना।

भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान की गई प्रत्येक प्रतिबद्धता पर कार्यवाही करने में सबसे आगे रहा है। एक उत्तरदायी वैश्विक खिलाड़ी के रूप में, हमारे देश ने खाद्य संकट और आपात स्थिति का सामना कर रहे देशों को मानवीय खाद्य सहायता में लगातार अपना हाथ आगे बढ़ाया है। यहां तक कि कोविड–19 महामारी के दौरान भी, भारत ने खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपने पड़ोसियों और अफ्रीका सहित कई देशों को हजारों मीट्रिक टन गेहूं, चावल, दालों के रूप में खाद्य सहायता प्रदान की।

भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोएं। हमारी एक राष्ट्र–एक राशन कार्ड पहल लाभार्थियों को देशभर में सब्सिडी के खाद्यान्न निर्बाध प्राप्त करने की अनुमति देती है। वर्ष 2018 में प्रारंभ पोषण अभियान कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यह कमजोर, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं, शिशुओं, बच्चों और किशोरों को कवर करते हुए जीवनचक्र में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने का एक अनूठा कार्यक्रम है।

भारत सरकार देश में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में अल्पकालिक अस्थायी राहत और दीर्घकालिक विकास कार्यों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है। सतत कृषि के अपने प्रयास में, हम जलवायु–स्मार्ट कृषि पद्धतियों, सटीक कृषि और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। कृषि में आपदा व जलवायु सहिष्णुता के लिए हमने अनेक कार्यक्रम कार्यान्वित किए हैं। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य बाहर से खरीदे गए इनपुट, लागत व कटौती से मुक्ति के लिए खेती की वैकल्पिक प्रणाली को बढ़ावा देना है। इसी प्रकार, परंपरागत कृषि विकास योजना में जैविक उत्पादों के विपणन के लिए राज्यों द्वारा विभिन्न ब्रांड विकसित किए गए हैं। समावेशिता की भावना के साथ, उत्पादकों को उपभोक्ताओं से जोडने व दुर्गम इलाकों में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला विकास का समर्थन करने के लिए वस्तु–विशिष्ट, केंद्रित, प्रमाणित जैविक उत्पादन समूहों को विकसित करने के लिए मिशन लागू किए गए हैं। हमने 1,752 जलवायु–सहिष्णु फसल किस्में विकसित की है व देशभर में प्रत्येक जिले में एक प्रतिनिधि गांव लेकर 151 संवेदनशील जिलों में जलवायु–सहिष्णु गांवों की स्थापना की है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों द्वारा दिए गए प्रत्येक प्रीमियम का चार गुना से अधिक दावा प्राप्त हुआ है।

खाद्य सुरक्षा के प्रयासों में, हमें भोजन की हानि व भोजन की बर्बादी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करना होगा। यहां तक कि हमारे प्राचीन ग्रंथों (तैत्तिरीय उपनिषद्) में भी अन्नीं न परिचक्षत। तद्व्रतम् अर्थात– भोजन कभी बर्बाद न करें, क्योंकि यह एक व्रत है, का उल्लेख है। विश्व स्तर पर, अनुमानित 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का 14 प्रतिशत भोजन फसल कटाई के दौरान नष्ट हो जाता है व 17 प्रतिशत से अधिक खुदरा व उपभोक्ता स्तर पर बर्बाद हो जाता है, आपूर्ति श्रृंखला में तकनीकी सीमाएं इस समस्या में योगदान करती हैं, अतः उपभोक्ता के दृष्टिकोण से इसके समाधान के लिए भोजन की हानि व बर्बादी से उत्पन्न पारिस्थितिक प्रभाव कम करने के लिए मानव व्यवहार में परिवर्तन की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी जी का पर्यावरण के लिए मिशन लाइफ का आह्वान सतत् परिपाटियों को अपनाने और अपशिष्ट को कम करने तथा संसाधनों के संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में जागरूक विकल्प तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सरल जीवन शैली में बदलाव और सचेत उपभोग से उत्पादन प्रणाली पर बोझ डाले बिना भोजन की बर्बादी को कम किया जा सकता है।

जी–20 वैश्विक खाद्य उत्पादन में छोटे जोतधारकों के महत्व को पहचानता है। हमारे कृषि परिदृश्य में छोटे–मझौले किसानों की भूमिका से सरकार भली–भांति परिचित है, जिन्हें सशक्त बनाने के लिए हमने कृषि सखी कार्यक्रम शुरू किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों में प्रशिक्षण व ऋण तक पहुंच प्रदान करता है। हम ई–नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) प्लेटफॉर्म का विस्तार कर रहे हैं ताकि किसानों को उनकी भौगोलिक स्थिति के बावजूद उपज का उचित मूल्य मिल सकें।

जी–20 उत्पादकता और सततता में वृद्धि के लिए कृषि में नई प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देता है। हम कृषि में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी को तेजी से अपना रहे हैं। फसलों के लिए रिमोट सेंसिंग–आधारित उपज अनुमान के लिए यसटेक, मौसम की जानकारी एकत्र करने के लिए विंड्स और बीमा कंपनियों द्वारा पारदर्शी गणना व दावा निपटान के लिए डिजीक्लेम जैसी कुछ पहलें उल्लेखनीय हैं। बेहतर योजना, रणनीति निर्माण और नीति–निर्माण की सुविधा प्रदान करने वाले एक डिजिटल कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एग्रीस्टैक नामक एक फेडरेटेड आर्किटेक्चर भी विकसित किया जा रहा है। हाल ही में, भारत जलवायु–स्मार्ट कृषि के विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा शुरू किए गए जलवायु के लिए कृषि नवाचार मिशन में शामिल हो गया है। इससे खेती में एआई, आईओटी और रिमोट सेंसिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के विकास व इसे अपनाने को बढ़ावा मिलेगा। हम किसानों को रियल टाइम जानकारी व सेवाओं के साथ सशक्त बनाने हेतु इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार करके ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विषमता को दूर करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं ।

आज के युवा भारत की कृषि विकास गाथा में शामिल हो रहे है। एक्सेलेरेटर फंड के समर्थन से, युवा उद्यमी देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि–स्टार्टअप स्थापित कर रहे हैं। सामूहिकता की शक्ति का दोहन करने के लिए सरकार, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। कृषि–स्टार्टअप, विशेष रूप से डिजिटल कृषि के क्षेत्र में, मुख्यतः ग्लोबल साउथ में सहयोग का अवसर प्रस्तुत करते हैं। विकसित देशों के पास तकनीकी अवसंरचना है, जबकि भारत की शक्ति विशेषज्ञता में निहित है। जी–20 कृषि मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत के कृषि स्टार्टअप्स के प्रदर्शन ने, विशेष रूप से डिजिटल क्षेत्र में निरंतर भागीदारी के लिए अंतरराष्ट्रीय सराहना के साथ ही समर्थन प्राप्त किया है।

अन्न (मिलेट्स) की खेती हजारों वर्षों से की जा रही है, लेकिन जैसे–जैसे बाजार–विपणन ने हमारी पसंद को प्रभावित किया, भोजन के रूप में उनकी मांग कम हो गई, लेकिन वर्तमान संदर्भ में, खाद्य सुरक्षा उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वैश्विक कृषि के विविधीकरण की आवश्यकता है, जिसमें अन्न जैसी फसलों को शामिल करना होगा, जिनका वर्तमान में कम उपयोग किया जाता है, लेकिन विश्व खाद्य आपूर्ति को अधिक सहिष्णु, सतत–पौष्टिक बनाने के लिए उच्च उत्पादन, खपत क्षमता रखते हैं। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया गया। इस गति को और तेज करने के लिए भारत की जी–20 अध्यक्षता के तहत एक क्रांतिकारी पहल मिलेट्स (अन्न) और अन्य प्राचीन अनाज अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान पहल (महर्षि) की शुरूआत की गई है। महर्षि पहल भारत के लिए अपार संभावनाएं रखती है, जो सततता और नवाचार को बढ़ावा देते हुए महत्वपूर्ण पोषण और कृषि चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। इसका अंतरराष्ट्रीय सहयोग, विशेष रूप से जलवायु–सह्य फसलों पर, भारत व वैश्विक पोषण, खाद्य सुरक्षा और सतत कृषि दोनों को लाभ पहुंचाता है। दुनियाभर के जाने–माने वैज्ञानिक और नेता इस पहल में रूचि व्यक्त कर रहे हैं, जो भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और वैश्विक कृषि व पोषण संबंधी मुद्दों के समाधान की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। महर्षि की पहल खाद्य सुरक्षा, पोषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच एक सतत् और खाद्य–सुरक्षित भविष्य के लिए प्रयास करते हुए आशा और अभिनव समाधान प्रदान करती है, जिसका वैश्विक स्तर पर भी महत्व रहेगा।

# अगर नए जूतों से पड़ गए हैं छाले तो,जानें तुरंत कैसे मिलेगा आराम

नए जूतों से होने वाली शू बाइट की समस्या लगभग हर किसी को कभी न कभी होती है. जब हम नए जूते पहनते हैं, तो उनका कठोर और खुरदरा सोल हमारी नाजुक पैर की त्वचा को छिल देता है. इससे पैरों में लाल चकत्ते, दर्द, सूजन और कभी–कभी छोटे छोटे घाव भी हो जाते है. इसे शू बाइट कहा जाता है. जिससे चलने–फिरने में दिक्कत होने लगती है. शू बाइट से बचने के लिए हमें नए जूतों का इस्तेमाल धीरे–धीरे बढ़ाना चाहिए. प्रतिदिन केवल 1–2 घंटे ही नए जूते पहनें ताकि वे धीरे–धीरे आपके पैरों के आकार के अनुसार ढल सकें. इतने समय तक जूते पहनने से उनका सोल भी नरम पडने़ लगेगा. इसके अलावा मोजे पहनकर, जूतों के अंदर बेबी पाउडर या टैल्कम पाउडर डालकर भी शू बाइट से बचा जा सकता है. आइए जानते हैं अगर शू बाइट हो जाए तो क्या करें...

बर्फ लगाएं

नए जूतों से होने वाली शू बाइट की समस्या आम है, लेकिन इसका इलाज घर पर ही संभव है. जहां शू बाइट की परेशानी हुई है, उस जगह पर बर्फ लगाने से बहुत राहत मिलती है. बर्फ की ठंडक दर्द और सूजन को कम करने में मदद करती है. शू बाइट वाली जगह पर बर्फ के टुकड़े लगाएं या फिर बर्फ की पौच बनाकर रखें. इसे 10–15 मिनट तक लगाए रखने से लाभ होगा।.दिन में 2–3 बार ऐसा करने से तेजी से राहत मिलेगी. बर्फ के अलावा आइस क्यूब्स को कपड़े में लपेटकर भी ठंडा कर सकते हैं.

नमक पानी इस्तेमाल करें

नए जूतों से शू बाइट होने पर नमक पानी का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद साबित होता है. नमक में एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो आपको राहत दे सकता है. शू बाइट वाली जगह पर नमक पानी की सिकाई करने से दर्द और सूजन में कमी आती है. इसके लिए गुनगुने पानी में एक चम्मच नमक मिलाकर उस जगह पर सिकाई करें. नमक में सोडियम क्लोराइड होता है जो बैक्टीरिया को मारता है और सूजन को कम करता है. इसके अलावा नमक पानी में ओस्मोसिस के कारण पानी निकलने लगता है जिससे सूजन भी कम हो जाती है. रोज दो–तीन बार नमक पानी से सिकाई करने से शू बाइट में लगातार राहत महसूस होगी. नमक एक सस्ता और आसानी से उपलब्ध घरेलू नुस्खा है जो शू बाइट के इलाज में बहुत प्रभावी है.

# एफआरआई तो जवाब नहीं

एडिटर्स गिल्ड की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो राज्य सरकार उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन वह इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही मुकदमा दायर कर दिया है।

एडिटर्स गिल्ड की रिपोर्ट पर मणिपुर सरकार ने जो रुख अपनाया, उससे यह संदेश गया है कि भारत में अब सवाल पूछना अपराध हो गया है। वरना, अगर राज्य सरकार को यह लगता है कि गिल्ड की तरफ से मणिपुर गई पत्रकारों की टीम ने तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट नहीं बनाई है, तो वह उसका तार्किक एवं तथ्यात्मक जवाब पेश कर सकती थी। लेकिन मणिपुर सरकार इस रिपोर्ट से इतनी नाराज हुई कि उसने पत्रकारों के खिलाफ ही पुलिस केस दायर कर दिया है। एडिटर्स गिल्ड की यह तीन सदस्यीय समिति ने सात से 10 अगस्त तक मणिपुर का दौरा किया था। वहां जांच समिति के सदस्य कई पत्रकारों, सिविल सोसाइटी कार्यकर्ताओं, हिंसा प्रभावित व्यक्तियों, आदिवासी प्रवक्ताओं और सुरक्षाबलों के प्रतिनिधियों से मिले। उसके आधार पर उन्होंने अपनी रिपोर्ट तैयार की। समिति ने दो सितंबर को अपनी रिपोर्ट जारी की। उसमें कहा गया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान राज्य के पत्रकारों ने एक–पक्षीय रिपोर्टें लिखीं, जिनमें लिखी गई बातों की संबंधित संपादकों ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों से बात कर पुष्टि नहीं की। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हिंसा के माहौल में संभव है कि संपादकों के लिए ऐसा करना संभव नहीं हुआ होगा। इसके अलावा इंटरनेट पर लगे बैन की वजह से हालात बदतर हो गए थे। इंटरनेट प्रतिबंध की वजह से पत्रकारों की एक दूसरे से, अपने संपादकों से, और अपने सूत्रों से बात करने की गुंजाइश घट गई थी। राज्य में सबसे ज्यादा मीडिया संगठन इम्फाल घाटी से संचालित होते हैं। अधिकांश के मालिक मैतेई समुदाय से हैं।

# इंडिया’ की राजनीति का जवाब भारत से

**अजीत द्विवेदी**

हम ऐसे समय में रह रहे हैं, जब सब कुछ राजनीति से, राजनीति के लिए और राजनीति द्वारा संचालित है। हर विचार, विमर्श और घटना के केंद्र में राजनीति है। धर्म और भगवान के नाम पर राजनीति है तो देश का नाम भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। तभी जब भारत और इंडिया के नाम की राजनीति शुरू हुई तो हैरानी नहीं हुई। इसकी शुरुआत विपक्षी पार्टियों ने की, जब उन्होंने अपने गठबंधन का नाम ‘इंडिया’ रखा। इससे पहले इंडिया, इंडियन, नेशनल आदि शब्द पार्टियों के नाम में होते थे लेकिन सीधे सीधे ‘इंडिया’ नाम रख लेना एक अलग स्तर की राजनीति की शुरुआत थी। भाजपा और नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवाद की राजनीति की काट खोज रही विपक्षी पार्टियों ने राष्ट्र का नाम ही अपना लिया। विपक्षी पार्टियों ने जब इस तरह की राजनीति शुरू की तो उसी समय उनको जवाबी हमले के लिए तैयार हो जाना चाहिए था। जवाबी हमले में भाजपा और उसकी केंद्र सरकार ने सिर्फ इतना किया है कि इंडिया की जगह भारत नाम का इस्तेमाल ज्यादा करना शुरू कर दिय है। संविधान के अनुच्छेद एक में साफ लिखा है– इंडिया जो कि भारत है। इसका मतलब है कि आप कहीं भी इन दोनों में से किसी नाम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इसलिए अगर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया या प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया की जगह प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत लिखा गया तो इसका यह मतलब नहीं है कि अब देश का नाम इंडिया नहीं रहा। देश का नाम इंडिया भी है और भारत भी है, जिसको जो अच्छा लगे वह उसका इस्तेमाल करे। चूंकि राष्ट्रीय स्वंयसेवक और भाजपा नेता पहले से कहते रहे हैं कि देश का नाम भारत ही होना चाहिए क्योंकि इंडिया विदेशियों का दिया नाम है, इसलिए सरकारी निमंत्रण में इंडिया की जगह भारत लिखे जाते ही सारी विपक्षी पार्टियां कूद कर इसके विरोध में उतर आईं। लेकिन असल में यह न तो संवैधानिक रूप से गलत है और न कानूनी रूप से। हां, यह जरूर है कि इससे राजनीति की गंध आ रही लेकिन वह तो विपक्षी गठबंधन का नाम ‘इंडिया’ रखने से भी आ रही थी!

हिंदी और अंग्रेजी दोनों में इंडिया को भारत कहे और लिखे जाने का विरोध करने से पहले यह समझना जरूरी है कि ये दोनों नाम सदियों या सहस्त्राब्दियों से प्रचलित हैं। इनके अलावा दूसरे नाम भी प्रचलित हैं, जो संविधान में नहीं लिखे गए हैं और जिनका इस्तेमाल आम लोग अपनी सुविधा के हिसाब से करते हैं। ‘आर्यावर्त’ या ‘हिंदुस्तान’ नाम संविधान में नहीं हैं, फिर भी व्यापक रूप से इनका प्रचलन है। महान स्वतंत्रता सेनानियों चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह ने ‘हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन’ का गठन किया था और अंग्रेजों के खिलाफ ऐसी लड़ाई लड़ी, जिसकी मिसाल नहीं है। ‘हिंदुस्तान’ नाम संविधान में नहीं स्वीकार किया गया। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह असंवैधानिक या गैरकानूनी हो गया। आज भी हर राष्ट्रीय त्योहार पर ‘सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा’ बजाया जाता है। ऐसे ही ‘आर्यावर्त’ भी संविधान में नहीं है लेकिन भारत में लगभग हर हिंदू के घर में किसी भी पूजन के समय जो पहला संकल्प होता है वह ‘द्धितीय परार्धे श्रीश्वेतवाराकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथम चरणे जम्बूदीपे भारतखंडे आर्यावर्ततेज’ से ही शुरू होता है। बाद में इसमें नगर, स्थान, यजमान के नाम आदि जुड़ते हैं। इसलिए इंडिया को लेकर ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। अगर केंद्र सरकार कानून बना कर इंडिया को असंवैधानिक या गैरकानूनी न घोषित कर दे तो यह नाम भी प्रचलन में रहेगा, जैसा कि हिंदुस्तान और आर्यावर्त हैं।

भारत के जितने भी नाम प्रचलित हैं उन सबको लेकर कई कई तरह ही मिथक कथाएं भी प्रचलित हैं। जैसे एक कहानी के मुताबिक भारत नाम राजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर पड़ा। दूसरी कहानी के मुताबिक अयोध्या के राजा दशरथ के चार पुत्रों में से एक भरत के नाम पर इस देश का नाम भारत पड़ा। जैन कथा के मुताबिक देश का नाम पहले जैन तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर पड़ा, जो पहले चक्रवर्ती सम्राट थे। एक मिथक कथा यह भी है कि विदर्भ के राजा भोज की एक बहन थी इंदुमति, जिसने अयोध्या के राजा अज को अपना पति चुना था। उन्हीं राजा अज के बेटे दशरथ हुए। कहानी के मुताबिक इंदु या इंदुमति के नाम से ही कालांतर में इस देश का नाम इंडिया हुआ। सबसे लोकप्रिय धारणा के मुताबिक इंडस वैली यानी सिंधु घाटी सभ्यता की वजह से देश का नाम इंडिया हुआ और यहां रहने वालों को हिंदू कहा गया। यूनान के इतिहासकार मेगास्थनीज ने ईस्वी पूर्व तीन सौ साल पहले यानी अभी से कोई 23 सौ साल पहले इस देश के बारे में ‘इंडिका’ नाम से किताब लिखी थी। दुनिया भर के शोधकर्ताओं और इतिहासकारों के काम पर इस किताब का असर दिखता है। इस किताब का नाम यह दिखाता है कि आज से 23 सौ साल पहले यानी प्राचीन भारत में इंडिया नाम प्रचलित था और इंडिया नाम प्रचलित होने के कोई दो सौ साल बाद पहली बार भारत नाम सुनाई देता है। सो, यह नहीं कह सकते कि अंग्रेजों ने इंडिया नाम दिया इसलिए यह गुलामी का प्रतीक है। हो सकता है कि यह राजा दशरथ की मां के नाम पर हो या इंडस वैली सभ्यता के नाम पर हो। ध्यान रहे कोलंबस इंडिया खोजने ही निकला था और अमेरिका का रास्ता खोज लिया था। उसको लगा कि उसने इंडिया खोज लिया, तभी वहां के मूल निवासी इंडियन या रेड इंडियन कहे जाते हैं। सोचें, दुनिया का सबसे विकसित मुल्क इंडिया की खोज का बाई प्रोडक्ट है!

# पालतू कुत्ते से भी आपको हो सकता है रेबीज, एक छोटी सी गलती हो सकती है जानलेवा



आजकल घरों में पालतू कुत्ते पालना बहुत कॉमन हो गया है. कई लोग अकेलापन दूर करने या बच्चों को जिम्मेदारी सिखाने के लिए पालतू कुत्ते रखते हैं.पालतू कुत्ते अपने मालिक के प्रति बहुत वफादार और प्यारे होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है पालतू कुत्ते से रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है. अगर हम पालतू कुत्तों की देखभाल करते समय सावधानी नहीं बरतते हैं तो हम अपनी जान को खतरे में डाल सकते हैं. इसलिए पालतू कुत्ते पालते समय हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे रेबीज जैसी बीमारियों से सुरक्षित हैं और हमारे लिए कोई खतरा नहीं हैं.

रेबीज एक बीमारी है जो जानवरों की लार से फैलती है. संक्रमित जानवर के लार का संपर्क जब व्यक्ति के खून से होता है, तो ये वायरस फैलता है. व्यक्ति के खून में ये वायरस या तो जानवर के काटने से पहुंचते हैं या पालतू जानवरों के घाव और चोट आदि के चाटने से भी फैल जाते हैं. इसलिए पालतू कुत्तों को रेबीज के टीका लगवाना बेहद जरूरी होता है. रेबीज से संक्रमित कुत्तों में कुछ विशिष्ट लक्षण दिखाई देते हैं जैसे अत्यधिक उत्तेजना और आक्रमकता, लार बहना, भौंकना–चीखना, आवाज़ में बदलाव, भूख कम लगना आदि. इसलिए पालतू कुत्तों को नियमित रूप से रेबीज का टीका लगवाना जरूरी हो जाता है ताकि वे रेबीज से बचे रहें और आस–पास के लोगों को भी रेबीज से सुरक्षा मिल सके.

रेबीज से होती है यह बीमारी

रेबीज के कुछ लक्षण वर्षों बाद भी दिखाई देती है. रेबीज एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है जिसमें वायरस शरीर के न्यूरल तंत्र को प्रभावित करता है रेबीज मस्तिष्क और नसों को नुकसान पहुंचाता है, इसलिए इसके कुछ लक्षण वर्षों बाद भी दिखाई दे सकते हैं, जैसेः

* मांसपेशियों में कमजोरी* स्पीच में दिक्कत* चेहरे की मांसपेशियों में ऐंठन

*** मानसिक समस्याएं**

इसलिए रेबीज का इलाज सही समय पर कराना बेहद जरूरी है. टीकाकरण भी रेबीज से बचाव का एकमात्र तरीका है.

# रेड कार्पेट पर 172 कदमों में सध गए अमेरिका से ओमान तक, वसुधैव कुटुम्बकम् में बढ़ा भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन जब सभी मेहमान, प्रगति मैदान स्थित 'भारत मंडपम' में पहुंचे, तो वहां पर सभी के लिए 'रेड कारपेट' बिछाया गया था। आखिर में कोणार्क चक्र के सामने खड़े होकर पीएम मोदी ने विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। हालांकि सामान्य तौर पर किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इतना लंबा 'रेड कारपेट' देखने को नहीं मिलता। पीएम मोदी ने दुनिया की अर्थव्यवस्था में 75 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाले जी20 के देशों के शीर्ष नेतृत्व, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति से लेकर ओमान के उप प्रधानमंत्री तक शामिल हैं, सभी को साध लिया। 'भारत मंडपम' के सामने अपनी गाड़ी से उतरने के बाद इन मेहमानों को पीएम मोदी तक पहुंचने के लिए लगभग 172 कदम चलना पड़ा। इस पूरे रास्ते पर रेड कारपेट बिछा था। पीएम मोदी ने कहा, भारत ने जी20 सम्मेलन के जरिये पूरी दुनिया को एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के वसुधैव कुटुम्बकम् का वो मंत्र दिया है, जिसका विश्व की महाशक्तियां दिल खोलकर स्वागत कर रही हैं। भारत की अध्यक्षता में आयोजित 'जी20' सम्मेलन का जो आयोजन दुनिया देख रही है, उससे पूरे विश्व में भारत का रुतबा विश्व-गुरु के तौर पर बढ़ा है।

भारत मंडपम के निकट बनाए गए अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र में कई देशों के डेलिगेट का कहना था, 'वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर' एक सकारात्मक पहल है। चूंकि जी20 के सदस्य देश, वैश्विक अर्थव्यवस्था में 75 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं, इस हिसाब से भारत का 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का विचार बहुत अहम है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक, कूटनीतिक एवं पर्यावरण के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और उनके लिए सार्थक पहल करने की दिशा में जी20 का यह शिखर सम्मेलन, नतीजे तक पहुंचेगा। चीन भारत का सीमा विवाद और रूस यूक्रेन जैसे मसलों से बचते हुए विदेशी डेलिगेट का कहना था, हमें



जी20 के विचार को लेकर आगे बढ़ना है। अब अफ्रीका यूनियन (एयू) भी जी20 का सदस्य बन गया है। ऐसे में इस संगठन का फैलाव और ज्यादा होगा।

डेलिगेट के मुताबिक, रूस यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को दो समूहों में बांट दिया है। ऐसा संभव है कि इसका कुछ असर जी20 पर भी रहा हो। मुख्य आयोजन से पहले हुई जी20 की बैठकों में यह असर देखने को मिला है। कुछ देश ऐसे भी रहे हैं, जो रूस यूक्रेन युद्ध के चलते खुल कर नहीं बोले। इन दोनों देशों के संघर्ष में कई मुद्दों पर आम सहमति नहीं बन सकी। हालांकि शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र में जी20 के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा था, हमें उम्मीद है कि विभिन्न सदस्य राष्ट्रों के साथ चर्चा के बाद किसी सर्वमान्य निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। जी20 देशों के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से संयुक्त घोषणा पत्र जारी होने का रास्ता साफ हो गया है। जी20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने सभी देशों के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, उनसे विश्व का शक्ति संतुलन प्रभावित नहीं हो रहा। ये ऐसे गोल हैं, जिनमें सभी का हित छिपा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर' एजेंडे के तहत सभी सदस्यों देशों के लिए रेड कारपेट बिछाया है। यह एक बड़ी बात है। सभी देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या उप प्रधानमंत्री, सभी एक रेड कारपेट पर और एक जैसी दूरी तय कर 'कोणार्क चक्र' तक पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने सभी मेहमानों का एक जैसे तरीके से अभिवादन किया है। सभी सदस्य देशों के प्रमुखों ने रेड कारपेट पर लगभग 172 कदम चले हैं। पीएम मोदी के इस स्वागत भाव से उम्मीद है कि आने वाले समय में 'सतत विकास लक्ष्यों' (एसडीजी) में तेजी आएगी। दुनिया में भारत की छवि मजबूत होगी। पीएम के रेड कारपेट पर विश्व की महाशक्तियां अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन के राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री चले हैं, तो वहीं दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, बांग्लादेश, मॉरीशस, अर्जेंटीना और कोमोरोस के प्रतिनिधियों को भी रेड कारपेट प्रदान किया गया है। भारत का मकसद है कि सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के माध्यम से विकासशील देश, ग्लोबल साउथ और अफ्रीकी राष्ट्र, विकास में साझेदार बनें।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ब्लॉग में लिखा था, भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है, उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे। खास बात ये है कि जी20 में विश्व की पांचों महाशक्तियां, अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस शामिल हैं। अगर कोई एक देश, सामान्य गोल से अलग हटता है, तो उसे रास्ते पर लाने के लिए दबाव डाला जा सकता है। भारत का प्रयास है कि इन देशों में जो तकनीक है, उसका आदान-प्रदान हो। इससे सभी देश विकास पर आगे बढ़ सकेंगे। आपस में निवेश बढ़ेगा। पहले अधिकांश देश, अमेरिका, रूस या चीन की तरफ देखते थे, अब उनके लिए भारत भी अहम राष्ट्र है। वे भारत की तरफ देखने लगे हैं। क्वैड्रिलैटरल सिक्योरिटी डॉयलॉग 'क्वैड' में भी जी20 के सदस्य देश, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं। ये संगठन भी चीन को लेकर, भारत की मदद के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

## महाकाल की पूजा-अर्चना के बाद मेहरबान हुए इंद्रदेव : शिवराज

**मुरैना ,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बारिश न होने के कारण फसलें सूखने के कगार पर थीं, लेकिन श्री महाकालेश्वर भगवान की पूजा के बाद इंद्रदेव मेहरबान हुए हैं। चौहान कल देर शाम सुमावली विधानसभा क्षेत्र के मुंगावली के समीप भारी बारिश के बीच आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा की सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की पीड़ा दुख दे रही थी। बरसात न होने से सोयाबीन से लेकर बाजरा सहित अन्य फसलें सूखने के कगार पर थीं। इसके बाद उन्होंने महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना की, जिसके बाद इंद्रदेव प्रदेश पर मेहरबान हुये हैं। इसका प्रतिफल सबके सामने है। उन्होंने कहा कि बरसात अच्छी हो रही है, इससे खरीफ और रबी की फसल अच्छी पैदा होगी।

## मुंबई : जलती हुई पांच मंजिला इमारत से दो नवजात समेत 33 लोगों को सुरक्षित निकाला

**मुंबई ,एजेंसी।** मुंबई फायर ब्रिगेड ने एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने के बाद दो नवजात शिशुओं सहित 33 लोगों को सुरक्षित निकाला।

बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे अंधेरी पूर्व के साकीनाका में साकी सोसाइटी में आग लगने की सूचना मिली। विभिन्न मंजिलों पर कई लोग आग में फंसे हुये थे। आग स्पष्ट रूप से भूतल पर स्थित एक इलेक्ट्रिक मीटर बॉक्स केबिन में लगी, जिसने वायरिंग, इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल पैनल बोर्ड और अन्य वस्तुओं को अपनी चपेट में ले लिया और तेजी से आवासीय भवन की ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। चारों तरफ चीख-पुकार मची हुई थी। लोग अलग-अलग मंजिलों पर फंस गए थे। घने जहरीले धुएं के कारण वे सीढ़ियों से भी नहीं उतर पा रहे थे। छत पर ताला लगा हुआ था। अत्याधुनिक उपकरणों और सीढ़ियों से लैस मुंबई फायर ब्रिगेड की एक टीम इमारत में पहुंची और आग से लड़ते हुए निकासी अभियान शुरू किया।

## अयोध्या में इस दिन राम मंदिर के गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

**अयोध्या ,एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन अगले साल 22 जनवरी को किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, अयोध्या में चल रही बैठक में फैसला हुआ है कि 22 जनवरी 2024 को गर्भ गृह में राम लला विराजमान होंगे। कार्यक्रम में पीएम मोदी भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस कार्यक्रम के लिए न्योता दिया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक समारोह के अंतिम दिन यानी 22 जनवरी को पीएम मोदी की मौजूदगी में राम मंदिर में रामलला को विराजमान किया जाएगा।

अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चल रही मैराथन बैठक में कई अहम फैसले भी लिए गए। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रबंधन समिति की बागडोर आरएसएस नेता भैया जी जोशी के हाथ में रहेगी।प्रधानमंत्री मोदी के आगमन के पहले अयोध्या में खास तैयारी भी की जाएगी। राम मंदिर के उद्घाटन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य जाने-माने लोग और साधु-संत मौजूद रहेंगे। इससे पहले अभी हाल में ही सीएम योगी ने अध्योध्या जाकर राम मंदिर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था। इससे पहले ही ऐसे खबरें थी कि मंदिर का उद्घाटन अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले किया जा सकता है। लोकसभा चुनाव मई में प्रस्तावित हैं।बता दें कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है। मंदिर का प्रथम तल लगभग बनकर तैयार है। मंदिर के उद्घाटन के बाद मंदिर को सभी भक्तों के लिए हमेशा के लिए खोल दिया जाएगा।

## ये दोस्ती रुला गई: किसान की मौत पर अंतिम दर्शन करने पहुंचा बंदर

**लखीमपुर खीरी, एजेंसी।** लखीमपुर खीरी के गांव गोंधिया में इंसान और बंदर की दोस्ती का दिल छू लेने वाला मामला सामने आया है। किसान की मौत पर अंतिम दर्शन करने बंदर जंगल से निकलकर उसके घर पहुंच गया।



शव से चादर हटाकर किसान का चेहरा देखा। करीब एक घंटे तक बैठा रहा। परिवार की महिलाओं की गोद में सिर रखकर रोया और फिर कहीं चला गया। यह मामला आसपास के गांवों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि बंदर रोटी से पनपी दोस्ती का कर्ज निभाने पहुंचा था।

बिजुआ क्षेत्र के गोंधिया निवासी चंदनलाल वर्मा की मंगलवार को मौत हो गई। परिजन और सगे संबंधियों का रो-रोकर बुरा हाल था। इसी समय एक बंदर कहीं से आ गया और मृतक चंदनलाल पर पड़ी चादर को हटाकर उनका चेहरा देखने लगा। ये देख ग्रामीण हैरान रह गए। ग्रामीणों के अनुसार बंदर परिजनों के पास ही बैठकर रोने लगा। रोती हुई महिलाओं पर अपना हाथ रखकर ढांढस भी बंधाया। बंदर की यह गतिविधि चर्चा का विषय बन गई।

पास-पड़ोसी और ग्रामीण भी बंदर को देखने लगे। बंदर पर ग्रामीणों की मौजूदगी का कोई असर नहीं पड़ा। वह शव के करीब ही बैठा रहा। परिजन और ग्रामीण जब चंदनलाल का शव अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले तो बंदर भी कहीं चला गया। परिजनों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले जब चंदनलाल खेत में फसल बचाने जाते थे तो बंदर को खाना खिला देते थे। उस रोटी से ही बंदर और चंदनलाल में दोस्ती हो गई। बंदर उसी दोस्ती और रोटी के फर्ज को निभाने पहुंचा था।

परिजनों के अनुसार मृतक चंदनलाल वर्मा जंगल के किनारे जानवरों से फसल बचाने के

### महिलाओं की गोद में सिर रखकर रोया

लिए झोपड़ी डालकर दिनभर खेतों में रुकते थे। घर से जो खाना ले जाते उसमें से एक रोटी बंदर को दे देते थे। खाना खाने के समय बंदर उनके पास आ जाता था। बेटे सोनू ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले पिता चंदनलाल को फालिज अटैक हो गया था।

इससे वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए थे। चंदनलाल एक वर्ष से खेतों में नहीं गए थे। पता नहीं कैसे बंदर को उनकी मौत का पता चल गया। गांव के बुजुर्ग मोहनलाल वर्मा ने बताया कि आज तक ऐसा कभी ना देखा और न ही सुना था। वाकई में जानवर, इंसान से ज्यादा संवेदनशील व समझदार होते हैं।

## जी20 शिखर सम्मेलन : भारत ने यूक्रेन संदर्भ पर रूस, चीन को सहमत कराया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत ने जी 20 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मुद्दे को लेकर रूस, चीन और पश्चिमी देशों के बीच दूरियों को पाटते हुए एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि हासिल की है। दोनों पक्ष शांतिपूर्ण समाधान पर ध्यान केंद्रित करते हुए घोषणा में यूक्रेन का उल्लेख करने पर सहमत हुए हैं। यूक्रेन संघर्ष से संबंधित पैराग्राफ पर आम सहमति नहीं होने के कारण भारत ने शुक्रवार को भू-राजनीतिक मुद्दे से संबंधित पैराग्राफ के बिना ही सदस्य देशों के बीच शिखर सम्मेलन के संयुक्त घोषणापत्र का एक मसौदा साझा किया था ताकि सकारात्मक परिणाम निकल सके। यूक्रेन पर भारत की ओर से घोषणापत्र में नया पाठ तब साझा किया गया जब जी20 नेताओं ने शिखर सम्मेलन के पहले दिन गंभीर वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श शुरू किया।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति बाइडेन से मुलाकात की

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति महामहिम जोसेफ आर. बाइडेन से मुलाकात की। राष्ट्रपति बाइडेन। राष्ट्रपति के रूप में पहली बार भारत के दौरे पर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के प्रति राष्ट्रपति बाइडेन के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता की सराहना की, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, रणनीतिक समन्वय और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत पारस्परिक संबंधों पर आधारित है।दोनों नेताओं ने जून 2023 में प्रधानमंत्री की संयुक्त राज्य अमेरिका की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के भविष्योन्मुखी और व्यापक परिणामों को लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की सराहना की, जिसमें महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी (आईसीईटी) के लिए भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका पहल भी शामिल है।दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान, नवाचार, संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच पारस्परिक संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग में निरंतर गति का स्वागत किया।राष्ट्रपति बाइडेन ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग पर प्रधानमंत्री और भारत के लोगों को हार्दिक बधाई दी तथा अंतरिक्ष में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर प्रकाश डाला।दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि भारत-अमेरिका साझेदारी न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक कल्याण के लिए भी लाभदायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 की भारत की अध्यक्षता की सफलता सुनिश्चित करने में संयुक्त राज्य अमेरिका से प्राप्त निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपति बाइडेन को धन्यवाद दिया।

## राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेंगी एक हजार इंदिरा रसोइयां : गहलोत

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रदेश के हर व्यक्ति को महंगाई की मार से राहत देने तथा भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक हजार इन्दिरा रसोइयां खोलने का निर्णय लिया है। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर इन्दिरा रसोई योजना के संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसका शुभारंभ दस सितम्बर को टोंक जिले में निवाई के पास झिलाय से होगा और इन सभी एक हजार रसोइयों का संचालन राजीविका समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इससे 10 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इन्दिरा रसोई योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मात्र आठ रुपए में सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन मिल रहा है। इस योजना से 'कोई भूखा ना सोए' का संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना से सुविधापूर्ण वातावरण में सम्मानपूर्वक मात्र आठ रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना का लाभ विद्यार्थियों एवं श्रमिकों सहित सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इंदिरा रसोई के संचालकों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि 'कोई भूखा ना सोए' के संकल्प के साथ शुरू की गई इस योजना के माध्यम से कोरोना काल में 72 लाख लोगों को सरकार द्वारा निःशुल्क पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। कोरोना के दौर में राज्य सरकार के प्रयासों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी सेवा भाव से आगे बढ़कर सहयोग किया। प्रदेश में वंचित तबके के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही इस योजना के लिए आर्थिक रूप से किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

बैठक में बताया गया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के विभिन्न जिलों के इंदिरा रसोई संचालकों को सम्मानित भी किया जा रहा है। गहलोत ने इंदिरा रसोई योजना में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं योजना में पारदर्शिता की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## चीन को झटका देने की तैयारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट का आयोजन किया जा रहा है। जी-20 समिट में हिस्सा लेने के लिए दुनियाभर के दिग्गज नेता नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। भारत, अमेरिका, सऊदी अरब और यूरोप मिलकर एक रेल और जहाज कॉरिडोर बनाने की तैयारी में है। ये देश जी20 सम्मेलन में वाणिज्य, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी को भी बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी अमेरिका के उपराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने दी है।ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि रेल और जहाज कॉरिडोर बनाकर चीन को किनारे लगाने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार रेल और जहाज कॉरिडोर को मिडिल ईस्ट कॉरिडोर का नाम भी दिया जा सकता है। अमेरिका के उपराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने बताया कि यह परियोजना एक प्रमुख बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करेगी।

## शक्तिशाली भूकंप से सिहर उठा मोरक्को, 632 लोगों की मौत, रिक्टर स्केल पर 6.8 रही तीव्रता

**रबात, एजेंसी।** मोरक्को में बीती रात भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किए गए, जिसमें 632 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी ने मोरक्को के गृह मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि भूकंप से कम से कम 632 लोगों की जानें गई हैं। अमरीकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 23:11 पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र मराकेश से 71 किलोमीटर (44 मील) दक्षिण-पश्चिम में एटलस पर्वत में 18.5 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।




सोशल मीडिया एक्स पर प्रसारित एक वीडियो क्लिप में क्षतिग्रस्त इमारतों और सड़कों पर बिखरा मलबा और लोगों को घबराकर भागते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार एक स्थानीय निवासी ने बताया कि मराकेश के पुराने शहर में कुछ इमारतें ढह गई हैं। हालांकि मीडिया ने एक्स पर दिखाई गई वीडियो क्लिप की सत्यता की पुष्टि नहीं की है। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि भूकंप से लोग दहशत में घरों से बाहर सड़को पर आ गए। भूकंप का झटका इतना शक्तिशाली था कि बड़ी-बड़ी इमारते हिल रही थीं। बिजली और फोन लाइनें 10 मिनट तक बंद रहीं। उन्होंने बताया कि इमारत ढहने से कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं। घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। भूकंप के झटके कैसाब्लांका और एस्सौइरा में भी महसूस किए गए। दूरदराज के इलाकों में जानमाल के नुकसान का अभी पता नहीं चल सका है।

### बीजेपी-जेडीएस के बीच गठबंधन पर एचडी कुमारस्वामी बोले

## सीट बंटवारे को लेकर नहीं हुई कोई चर्चा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (एस) (जेडीएस) के वरिष्ठ नेता एचडी कुमारस्वामी ने शनिवार को राज्य में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भाजपा-जेडीएस के चुनाव पूर्व गठबंधन की खबरों से इनकार नहीं किया, लेकिन कहा कि वह उचित समय पर इस बारे में बोलेंगे। एचडी कुमारस्वामी ने यहां अपने निवास पर पत्रकारों को कहा, 'जब समय आएगा,



मैं इसके बारे में बताऊंगा।

'उन्होंने कर्नाटक लोकसभा चुनाव में भाजपा एवं जेडीएस की सीट बंटवारे को लेकर हुई चर्चा की रिपोटी का खंडन किया। उन्होंने कहा, 'सीट बंटवारे को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई, मंडया और तुमकुरु में सीट बंटवारे का मामला चर्चा के लिए नहीं आया। जब समय आएगा मैं इसके बारे में बात करुंगा। 'कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने शुक्रवार को राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा और जेडीएस के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन की पुष्टि की थी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह जेडीएस को चार लोकसभा सीटें देने पर सहमत हो गए हैं, जिससे पार्टी को एक साथ 25 या 26 सीटें जीतने में मदद मिलेगी।

दोनों पार्टियां हाल ही में हुए विधानसभा सत्र में कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ लड़ती रही हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में, भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीती थीं, जबकि पार्टी द्वारा समर्थित एक निर्दलीय ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और जेडीएस को एक-एक सीट मिली।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा-जेडीएस गठबंधन का स्वागत किया था, लेकिन संदेह जताया कि क्या क्षेत्रीय पार्टी इसके बाद अपनी विचारधारा बरकरार रखेगी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा था कि वह भाजपा और जेडीएस गठबंधन को लेकर चिंतित नहीं हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री एमबी पाटिल ने भी कहा था कि भाजपा और जेडीएस के साथ आने के बावजूद कांग्रेस कर्नाटक में कम से कम 20 लोकसभा सीटें जीतेगी।

## दिल्ली में जी-20 समिट के बीच ऑटो में बम-बारूद की सूचना, पुलिस जांच में ये सब आया सामने

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली में जी-20 समिट को लेकर राजधानी पूरी सुरक्षा के घेरे में है। इस दौरान एक ऐसी खबर आई जिसने दिल्ली पुलिस के होश उड़ा दिए। दरअसल, सोशल मीडिया के जरिए दिल्ली पुलिस को मैसेज आया कि एक ऑटो में बम-बारुद और गन की खेप प्रगति मैदान पहुंचने वाली है। जिसके बाद इस सूचना से हड़कंप मच गया।

# कोलंबो में भारत से आगे है पाकिस्तान, यह आंकड़े बेहद रोचक



नई दिल्ली , भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2023 के सुपर 4 का मुकाबला खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज में कैंडी में इन दोनों टीमों के बीच हुआ मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका था। अब सुपर 4 का यह मुकाबला कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है। इस महामुकाबले से पहले कुछ आंकड़े सामने आ रहे हैं।

इसके मुताबिक कोलंबो में पाकिस्तान की टीम रिकॉर्ड में भारत से आगे है। जी हां, यह आंकड़े भारतीय फैंस की चिंता बढ़ा सकते हैं। खास बात यह भी है कि जब इस मैदान पर आखिरी बार 2004 में दोनों टीमें भिड़ी थीं तब पाकिस्तान ने बाजी मारी थी।

कोलंबो में कैसा है भारत और पाकिस्तान का रिकॉर्ड?

भारतीय टीम ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में ओवरऑल कुल 46 मुकाबले खेले हैं। जिसमें से 23 में उसे जीत मिली है और 19 में हार का सामना करना पड़ा है। जबकि 4 मुकाबले नो रिजल्ट रहे हैं। भारत का यहां विनिंग पर्सेंट 50 प्रतिशत है। वहीं पाकिस्तान की बात करें तो उसने कोलंबो में कुल 24 मुकाबले खेले हैं जिसमें से 14 में उसे जीत मिली है और 8 में हार का सामना करना पड़ा है। जबकि दो मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। पाकिस्तान का इस मैदान पर विनिंग पर्सेंट 58.33 है। यानी इस मामले में पाकिस्तान यहां भारत से आगे है।

**साल 2004 का हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत**

एशिया कप 2004 में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत कोलंबो के इसी मैदान पर हुई थी। उस मुकाबले में पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने 9 विकेट पर 300 रनों का स्कोर खड़ा किया था। शोएब मलिक ने 143 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। जवाब में टीम इंडिया 241 रन ही बना सकी थी। मलिक ने गेंदबाजी में भी 2 विकेट झटके थे। उसके बाद हालांकि, 2010 में डाम्बुला में भारत ने श्रीलंका की सरजमीं पर पाकिस्तान को हराया था लेकिन कोलंबो की हार का दर्द आज भी भारतीय फैंस के जहन में जिंदा है। उस हार का 19 साल बाद हिसाब चुकता करने टीम इंडिया मैदान पर उतरेगी।

**श्रीलंका के रिकॉर्ड में टीम इंडिया आगे**

भारत और पाकिस्तान के बीच श्रीलंका में वैसे तो कुल 4 मुकाबले हुए हैं लेकिन दो मुकाबले 1997 में बारिश के कारण धुल गए थे। उसके बाद 2004 एशिया कप में पाकिस्तान ने भारत को हराया था। फिर 2010 में डाम्बुला में भारत ने पाकिस्तान को मात दी थी। व्यक्तिगत रिकॉर्ड की बात करें तो भारत ने श्रीलंका की सरजमीं पर कुल 66 मुकाबले खेले हैं जिसमें से 31 में उसे जीत मिली है और 28 में हार का सामना करना पड़ा है। 7 मुकाबले बेनतीजा भी रहे हैं। अगर पाकिस्तान की बात करें तो उसने श्रीलंका में 42 मैच खेले हैं जिसमें से 18 में उसे जीत मिली है और 20 में हार। जबकि चार मुकाबला नो रिजल्ट रहे हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ महारिकॉर्ड बना सकते हैं रोहित शर्मा, बनाने होंगे सिर्फ इतने रन




नई दिल्ली ,एशिया कप 2023 में भारतीय टीम सुपर 4 राउंड के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रही है, जहां उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मुकाबला 10 सितंबर को खेलना है। इस मैच में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा के पास एक खास रिकॉर्ड बनाने का शानदार मौका है। रोहित शर्मा इस मुकाबले में क्रिकेट के एक खास क्लब का हिस्सा बन सकते हैं। रोहित शर्मा अच्छे फॉर्म में नजर आ रहे हैं और फैंस को उम्मीद होगी कि वह इस मुकाबले में इस रिकॉर्ड को हासिल कर लेंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड बनाने का मौका

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर 4 में खेले जाने वाले मुकाबले में रोहित शर्मा एक धाकड़ रिकॉर्ड बनाने के करीब हैं। इस मैच में रोहित शर्मा सिर्फ 78 रन बनाते ही वनडे क्रिकेट में अपने 10 हजार रन पूरे कर लेंगे। रोहित शर्मा के वनडे आंकड़ों पर एक नजर डालें तो उन्होंने 246 मैचों की 239 पारियों में 9922 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम तीन दोहरा शतक दर्ज है।

अच्छे फॉर्म में हैं रोहित शर्मा

रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से पहले रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। रोहित शर्मा ने नेपाल के खिलाफ खेले गए मैच में सिर्फ 59 गेंदों पर 74 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 5 छक्के जड़े थे। रोहित अपने इस फॉर्म को अगले मैच में भी बरकरार रखना चाहेंगे। रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप स्टेज में कुछ खास नहीं कर सके थे। उस मैच वह सिर्फ सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हो गए थे। बात करें पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा के रिकॉर्ड के बारे में तो उन्होंने 17 मैचों में 731 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 140 रनों का रहा है। उन्होंने ये पारी वनडे वर्ल्ड कप 2019 के दौरान खेली थी।

# एक और भारतीय खिलाड़ी ने किया काउंटी का रुख, देश के लिए लगा चुका है ट्रिपल सेंचुरी



नई दिल्ली ,इन दिनों कई भारतीय खिलाड़ी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट काउंटी का रुख करते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ समय में जहां चेतेश्वर पुजारा जैसे खिलाडियों ने काउंटी के दम पर इंटरनेशनल टीम में वापसी की। उसके बाद उमेश यादव, नवदीप सैनी, पृथ्वी शॉ जैसे खिलाडियों ने भी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट की ओर रुख किया। हाल ही में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम में नहीं चुने गए युजवेंद्र चहल ने भी काउंटी टीम केंट के साथ करार किया था। अब इसी कड़ी में एक और भारतीय खिलाड़ी का नाम जुड़ गया है।आपको बता दें कि भारतीय टीम के लिए 6 टेस्ट खेलने वाले और ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले बल्लेबाज करुण नायर ने अब काउंटी की ओर रुख किया है। वह मौजूदा सत्र में काउंटी चैम्पियनशिप के बचे हुए तीन मैचों में खेलने के लिए तैयार हैं। नायर ने इंग्लिश काउंटी टीम नार्थम्पटनशायर के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। 31 वर्षीय करुण नायर नॉर्थम्पटनशायर में सैम वाइटमैन की जगह लेंगे जो अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं।

**काउंटी टीम से जुडऩे पर क्या बोले करुण नायर**

नायर ने इसको लेकर एक बयान भी जारी किया और कहा कि, मैं नार्थम्पटनशायर से जुडऩे और काउंटी चैम्पियनशिप में खेलने के लिए उत्साहित हूं। आप काउंटी क्रिकेट के बारे में काफी कुछ सुनते हो और मैं जानता हूं कि पृथ्वी शॉ जब टीम के साथ थे, उन्होंने काफी लुत्फ उठाया था इसलिए काउंटी में खेलने का मौका मिलने से उत्साहित हूं। उम्मीद करता हूं कि मैं टीम के लिए योगदान दे पाउंगा। काउंटी टीम से जुडऩे के लिए नायर को आज ही ब्रिटेन पहुंचना था। वह रविवार को वारविकशायर के खिलाफ होने वाले मैच में खेलते नजर आएंगे।

**भारत के लिए ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी**

करुण नायर की बात करें तो वह वीरेंद्र सहवाग के बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए तिहरा शतक जडऩे वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने यह उपलब्धि दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ हासिल की थी। उस सीरीज तीसरे टेस्ट में नायर ने नाबाद 303 रन बनाए थे। उनके नाम 6 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में 374 रन दर्ज हैं। उन्होंने भारत के लिए दो वनडे इंटरनेशनल मुकाबले भी खेले हैं जिसमें 39 रन उनका बेस्ट स्कोर है। 2016 में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने वनडे डेब्यू किया था।

# टीम इंडिया के इन दो टेस्ट मैचों पर आईसीसी का एक्शन, दोनों ग्राउंड की पिच पर सुनाया फैसला



नई दिल्ली , भारत और वेस्टइंडीज के बीच जुलाई के महीने में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज का पहला मुकाबला डोमिनिका के विंडसर पार्क में खेला गया था। इस मैच का रिजल्ट तीन दिन के अंदर ही आ गया था और भारत ने पारी व 141 रनों से जीत दर्ज की थी। इस मैच के रेफरी जेफ क्रो ने इस मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच को औसत से भी कम रेटिंग दी थी। इस पिच पर आईसीसी ने एक्शन लिया था और उसे एक डिमेरिट अंक भी मिला था। पर बाद में क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपील की और इसके बाद आईसीसी ने अपना फैसला बदला जरूर लेकिन पिच के खिलाफ एक्शन फिर भी लिया। अब इस रेटिंग को औसत कर दिया गया है।

**क्या है आईसीसी का नियम?**

आपको बता दें कि औसत से कम रेटिंग मिलने पर एक डिमेरिट अंक भी मिलता है। नियम के अनुसार किसी पिच को बिलो एवरेज रेटिंग पर एक, पूअर रेटिंग पर 3 और अनफिट पिच करार देने पर 5 डिमेरिट अंक मिलते हैं। अगर किसी मैदान को पांच डिमेरिट अंक मिल जाते हैं तो आईसीसी के नियमानुसार उस मैदान पर एक साल के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट होने से बैन कर दिया जाता है। वहीं 10 डिमेरिट अंक पर यह बैन 2 साल तक बढ़ सकता है। ऐसे में आईसीसी ने हंटर जरूर चलाया लेकिन क्रिकेट वेस्टइंडीज की अपील के बाद अब पिच को औसत आंका और फिलहाल ग्राउंड को कोई डिमेरिट अंक भी नहीं दिया।

**दूसरे टेस्ट की पिच को भी मिली औसत रेटिंग**

वहीं सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में खेला गया था। हालांकि, बारिश के कारण यह मैच पूरा नहीं हो सकता था और ड्रॉ हो गया था। इस मैदान की पिच को भी आईसीसी द्वारा औसत रेटिंग दी गई है। इन दोनों पिचों को काफी स्लो देखा गया था।

डोमिनिका की पिच पर तो भारतीय स्पिनर्स ने वेस्टइंडीज की नाक में दम कर दिया था। अश्विन ने इस मैच में कुल 12 विकेट लिए थे। पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 7 विकेट उन्हें मिली थे। रवींद्र जडेजा ने भी कमाल की गेंदबाजी की थी।

## फिल्मी दुनियां

# अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज का टीजर जारी, 6 अक्टूबर को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म




मिशन रानीगंज एक अपकमिंग बॉलीवुड फिल्म है, जोकि सर्वाइवल थ्रिलर है. फिल्म को तिनु सुरेश देसाई ने निर्देशित किया है और पूजा एंटरटेनमेंटने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में प्रमुख भूमिका में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा दिखाई देंगे. साथ ही फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है जोकि काफी इंटेंस लग रहा है. यह फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.मिशन रानीगंज फिल्म का प्रमुख कथा रानीगंज कोलफील्ड में हुए एक वास्तविक घटना पर आधारित है और इसमें अक्षय कुमार प्रमुख भूमिका में हैं, जो कोयला खदान में एक रेस्क्यू ऑपरेशन का हिस्सा बनते हैं. फिल्म की डिटेल्स और मोशन पोस्टर से यह स्पष्ट होता है कि फिल्म एक उत्कृष्ट सर्वाइवल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की जा रही है, जिसमें दर्दनाक परिस्थितियों में अक्षय कुमार की ब्रेवरी और जीवन की खतरों से भरपूर कहानी दिखाई जाएगी.अक्षय कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे आखिरी बार ओह माय गॉड के सीक्वल ओएमजी 2 में दिखाई दिए थे. अमित राय द्वारा डायरेक्टेड यह फिल्म हस्थ मैथुन और सेक्स एजुकेशन पर बेस्ड है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला. साथ ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी लगभग 148.92 करोड़ का कारोबार किया है. फिल्म में अक्षय के अलावा पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई दिए.

## शिवकार्तिकेयन, साई पल्लवी–स्टारर एसके21 ने अपना कश्मीर शेड्यूल किया पूरा


अपकमिंग तमिल फिल्म एसके21 ने अपना कश्मीर शेड्यूल पूरा कर लिया है। इसमें शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी हैं। इस प्रोजेक्ट का टाइटल अभी तक तय नहीं किया गया है। एसके21 अस्थायी नाम है।फिल्म राज कुमार पेरियासामी ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में शिव कार्तिकेयन का अलग अंदाज देखने को मिलेगा, जो फैंस ने पहले कभी बड़े पर्दे पर नहीं देखा है। यह फिल्म गट्स एंड गोर की कहानी है और देशभक्ति से भरपूर है।फिल्म का निर्माण कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल (आरकेएफआई), सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस (एसपीआईपी) और आर महेंद्रन ने किया है।शिवकार्तिकेयन ने अपने करियर की शुरुआत रियलिटी शो कलक्का पोवाथु यारू से एक मिमिक्री आर्टिस्ट के रूप में की थी।

# 42 साल की श्वेता तिवारी ने अपने लुक से उड़ाए फैंस के होश



टीवी की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने अपनी एक्टिंग के दम पर दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाई हुई है। ये ही नहीं एक्ट्रेस अपने बोल्ड एंड ब्यूटिफुल लुक्स के कारण भी सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता ने अपनी लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस इंटरनेट का पारा गर्म कर रही है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी हॉटनेस भरी अदाओं से फैंस का दिल मचल दिया है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बेहद ही जबरदस्त स्टाइलिश ड्रेस पहना हुआ था। एक्ट्रेस के इस फैशन स्टेटमेंट को देख कर फैंस हैरान रह गए थे। हालांकि उनके इस लुक से लोगों की नजरें हटना मुश्किल हो गया था। श्वेता तिवारी ने इन फोटोज में रेड कलर के जालीदार ब्लाउज पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग नजर आ रही हैं। अभिनेत्री के इस रिवीलिंग आउटफिट ने एक बार फिर से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। उनके इस लुक ने एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में श्वेता तिवारी बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। श्वेता तिवारी अपने इस लुक से फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। उनकी हर एक अदाओं पर लोग अपना दिल हार बैठते हैं।

# सीरीज आखिरी सच में शिविन नारंग ने तमन्ना भाटिया के साथ काम करने का बताया अनुभव



सीरीज आखिरी सच से ओटीटी में डेब्यू करने वाले अभिनेता शिविन नारंग ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ काम करने का अपना अनुभव शेयर किया। अभिनेता शिविन नारंग को रोमांटिक–थ्रिलर बेहद 2 में रुद्र रॉय के किरदार के लिए जाना जाता है। सीरीज आखिरी सच में शिविन ने अमन का किरदार निभाया है। शो में इंस्पेक्टर अन्या की भूमिका में तमन्ना भाटिया, भुवन की भूमिका में अभिषेक बनर्जी और इसमें प्रतीक सहजपाल, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा हैं।

जटिल घटनाओं के तूफान में फंसे एक किरदार को निभाते हुए शिविन ने साझा किया, मैंने तमन्ना को ज्यादातर ग्लैमरस भूमिकाओं में देखा है और उन्हें एक पुलिस वाले के रूप में देखना अविश्वसनीय था। मैं कहानी की तीव्रता को समझता हूं, क्योंकि हम सभी अलग–अलग पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने कहा, थिएटर से सिनेमा तक हमने जीवन के विभिन्न पहलुओं से अभिनय किया और एक महान टीम वर्क में योगदान दिया। कुल मिलाकर जिस चीज़ ने आखिरी सच को महान बनाया, वह है प्रतिभाशाली लोगों का एक साथ आना। एक रात, एक परिवार, कई मौतें, एक जांच अधिकारी और विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित आखिरी सच सच्ची घटनाओं से प्रेरित है।

# कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना: कुशा कपिला



कुशा कपिला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सुखी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की है. सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस कुशा कपिला ने कुछ समय पहले पति जोरावर अहलूवालिया से अलग होने का फैसला लिया था. उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया पर फैंस को बताकर चौंका दिया था.

जोरावर से तलाक लेने की अनाउंसमेंट करने के बाद कुशा को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया गया था. कुशा ने अब ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है. साथ ही बताया कि वह इस आलोचना से कितनी प्रभावित हुई थीं. कुशा कपिला का नाम हाल ही में बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर से जोड़ा गया था. जिसका बारे में तुरंत बात करके कुशा ने लोगों का मुंह बंद करवा दिया था. कुशा ने एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्होंने आलोचना का कैसे सामना किया. कुशा ने कहा कि उनके दोस्त, फैमिली ने ऑनलाइन ट्रोलिंग के दौरान बहुत सपोर्ट किया. सभी ने मेरे चारों तरफ एक सर्कल बना लिया था जो मुझे हर चीज से प्रोटेक्ट करता था और मैं खुशकिस्मत हूं कि ऐसे लोग मेरी जिंदगी में हैं. कुशा ने आगे कहा– मैं समझती हूं कि ये पब्लिक पर्सन होने का हिस्सा है. कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना और ये होने ही वाला है. कुशा ने आगे कहा– मुझे लगता है कि मैं अब हर दिन मजबूत होती जा रही हूं. इसी के लिए मैं रोजाना काम कर रही हूं. मैं इम्यून होना चाहती हूं और घाव जल्द ही भर जाएंगे. कुशा के एक्स हसबैंड उनके सपोर्ट में उतरे थे. जोरावर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करके अपनी नाराजगी जाहिर की थी. उन्होंने लिखा था– मुझे एहसास हुआ कि हम पब्लिक लाइफ जीते हैं लेकिन कुछ ऐसी चीजें भी हैं बहुत पवित्र हैं. हमारी शादी और एक–दूसरे के लिए रिस्पेक्ट भी उन्हीं में से एक है.

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com